www.tamsasanket.com
वर्ष: 30 || अंक 53 || अम्बेडकरनगर
गुरुवार
14 मई 2026 || पृष्ठ: 08 || मूल्य: ₹ 2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा

# दैनिक तमसा संकेत

»डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र
https://epaper.tamsasanket.com
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

मौसम
सूर्योदय: 05:20
सूर्यास्त: 06:46
अधिकतम: 38°00
न्यूनतम: 28°00





विशेष समाचार | नारों से नहीं, व्यवहार से होगा... »पेज 04 | एएमयू टीचर के हत्यारोपी ... »पेज 06 | कांस-2026 शुरू...

## प्रतीक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बड़ा खुलासा, शरीर पर मिले छह चोट के निशान, जो 5-7 दिन पुराने


# अखिलेश के भाई प्रतीक का निधन



लग्जरी कार और बॉडी बिल्डिंग के शौकीन थे प्रतीक, राजनीति से दूर, अपर्णा से लव-मैरिज, फिर विवाद, 13 दिन पहले भी अस्पताल में भर्ती थे प्रतीक यादव फिटनेस को लेकर काफी सजग थे। वे न सिर्फ खुद बॉडी बिल्डर थे, बल्कि दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करते थे।







### दुःखद

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । सपा प्रमुख अखिलेश यादव के छोटे भाई प्रतीक यादव का बुधवार को निधन हो गया। उनकी उम्र 38 साल थी। सुबह 6 बजे पत्नी अपर्णा यादव के भाई अमन सिंह बिष्ट उन्हें लखनऊ के सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

सिविल अस्पताल के चीफ मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. डीसी पांडेय के मुताबिक, जब प्रतीक को लाया गया, तब उनकी पल्स पूरी तरह डाउन थी। हार्ट भी रुक चुका था। लखनऊ मेडिकल कॉलेज में प्रतीक यादव के शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया। रिपोर्ट के अनुसार, कार्डिएक अरेस्ट से प्रतीक की मौत हुई है। बॉडी पर चोट के 6 निशान थे, जो पुराने हैं। विसरा सुरक्षित रखा गया है। प्रतीक का शव उनके आवास पर अंतिम दर्शन के लिए रखा गया है। अंतिम संस्कार कल, गुरुवार को लखनऊ में दोपहर 12:30 बजे पिपरा घाट पर होगा।

» (शेष पेज 06 पर)

### फेफड़े में खून का थक्का जमने से कार्डिएक अरेस्ट आया सपा विधायक बोले- मौत संदिग्ध, जांच कराई जाए

### अस्पताल से बिना छुट्टी के घर चले गए थे

30 अप्रैल को प्रतीक को गंभीर हालत में लखनऊ के निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। 3 दिन बाद उन्हें थोड़ा आराम मिला। इसके बाद वे बिना छुट्टी के घर चले गए थे। डॉक्टर्स के मुताबिक, वो फेफड़े की गंभीर बीमारी पल्मोनरी एम्बोलिज्म की चपेट में थे। इसमें खून का थक्का फेफड़ों की नसों में फंसकर ब्लड सर्कुलेशन को रोक देता है। » (शेष पेज 06 पर)



■ सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष श्रीमती अपर्णा यादव जी के लखनऊ स्थित आवास पर पहुंचकर उनके दिवंगत पति श्री प्रतीक यादव जी के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी एवं शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया।

■ अपर्णा यादव के पति प्रतीक की जब मौत हुई, वह असम में थीं। लखनऊ लौटीं तो बेटियों से लिपटकर रोने लगीं। प्रतीक की बॉडी के पास पहुंचीं तो एकटक चेहरा निहारती रहीं।



### पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में कार्डिएक अरेस्ट का खुलासा

लखनऊ मेडिकल कॉलेज ने प्रतीक यादव की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट जारी की है। डॉक्टरों के मुताबिक, फेफड़ों में बड़ी मात्रा में खून के थक्के जम गए थे। इसी वजह से हार्ट और फेफड़ों ने काम करना बंद कर दिया, जिससे मौत हुई। हार्ट और फेफड़ों से मिले खून के थक्कों के नमूनों को आगे जांच के लिए सुरक्षित रखा गया है। शरीर के अंदरूनी अंगों को भी केमिकल जांच के लिए प्रीजर्व किया गया है।

डॉक्टरों के अनुसार, पल्मोनरी थ्रोम्बोएम्बोलिज्म ऐसी गंभीर स्थिति है, जिसमें खून के थक्के फेफड़ों की नसों को ब्लॉक कर देते हैं। इससे सांस लेने और शरीर में खून का प्रवाह बुरी तरह प्रभावित होता है।

### बॉडी पर चोट के 6 निशान मिले

पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में प्रतीक की छाती, दाएं हाथ, कोहनी से कलाई तक और बाएं हाथ की कलाई से ऊपर 6 चोटों के निशान मिले हैं। इनमें 3 चोटें 7 दिन पुरानी और 3 एक दिन पुरानी थीं। डॉक्टरों के मुताबिक, बीमारी की वजह से बाएं पैर के अंगूठे का नाखून नीला था।



■ अखिलेश ने अपने छोटे भाई प्रतीक को श्रद्धांजलि दी। सपा प्रमुख भावुक नजर आए।

### ब्रिटेन से पढ़ाई की, राजनीति से दूर थे

प्रतीक ने ब्रिटेन की लीड्स यूनिवर्सिटी से पढ़ाई की थी। वे राजनीति से दूर थे। उनका रियल एस्टेट और फिटनेस का बिजनेस था। प्रतीक ने अपर्णा यादव से 14 साल पहले लव-मैरिज की थी। दोनों की दो बेटियां हैं। प्रतीक ने 19 जनवरी को अचानक पत्नी अपर्णा से तलाक लेने का ऐलान कर दिया था। कहा था- अपर्णा ने मेरी जिंदगी नरक बना दी। » (शेष पेज 06 पर)

# सीबीएसई 12वीं में कुल 85.20% बच्चे पास

## 88.86 प्रतिशत लड़कियां 82.13 फीसदी लड़के सफल

### परिणाम

तमसा संकेत, एजेंसी



नई दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) ने कक्षा 12वीं का रिजल्ट 2026 आधिकारिक रूप से जारी कर दिया है। लंबे समय से इंतजार कर रहे लाखों छात्रों का इंतजार अब खत्म हो गया है। छात्र अब अपना स्कोरकार्ड आधिकारिक वेबसाइट cbse.gov.in और डिजिटल प्लेटफॉर्म जैसे कि DigiLocker और UMANG पर जाकर चेक और डाउनलोड कर सकते हैं। लिंगवार परिणाम के अनुसार, सभी विषयों में लड़कियों ने लड़कों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया है।

■ लखनऊ की अदिति मिश्रा और गुणन्या कुमार ने बढ़ाया मान, मिले 99.2 प्रतिशत अंक

2026 में लड़कियों का पास प्रतिशत 88.86% रहा, जबकि लड़कों का 82.13% दर्ज किया गया। सीबीएसई के अनुसार 12वीं में पास होने के लिए हर विषय में कम से कम 33% अंक जरूरी होते हैं।

» (शेष पेज 06 पर)

# फ्लीट आधा, वर्क फ्रॉम होम को प्राथमिकता

## विधानसभा की समितियों का दौरा स्थगित

### निर्देश

हेमन्त कृष्ण



तमसा संकेत, लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों से प्रधानमंत्री के आह्वान से जुड़ने की अपील की है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से कहा कि ईंधन की खपत कम करें। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव, डीजीपी, सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव की बैठक में निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री व मंत्रियों आदि की फ्लीट में तत्काल 50 प्रतिशत की कमी की जाए। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में वर्क फ्रॉम होम की संस्कृति को भी प्राथमिकता देने की अपील की।

■ सप्ताह में एक दिन पब्लिक ट्रांसपोर्ट का प्रयोग करें मंत्री

■ पेट्रोल-डीजल बचाने के लिए विधानसभा समितियों का भ्रमण स्थगित

मुख्यमंत्री जी का सरकारी बैठकों, सेमिनारों, कॉन्फ्रेंस, वर्कशॉप आदि के वर्चुअली आयोजन पर जोर रहा।

» (शेष पेज 06 पर)

### फास्ट न्यूज

#### सुप्रीम कोर्ट बोला- हिंदू धर्म जीवन जीने का तरीका

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि हिंदू धर्म जीवन जीने का तरीका है। हिंदू बने रहने के लिए मंदिर जाना या खास पूजा-पाठ जरूरी नहीं है। कोर्ट ने कहा कि घर में दीया जलाना भी आस्था दिखाने के लिए पर्याप्त है।

बढ़ोतरी | कीमत

#### अमूल दूध 2 लीटर महंगा हुआ

नई दिल्ली। अमूल के बाद मदर डेयरी ने भी बुधवार को दूध की कीमतों में 2 रुपए प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी की है। दोनों कंपनी के नए दाम गुरुवार (14 मई) से लागू होंगे। अमूल और मदर डेयरी ने दूध के प्रमुख वेरिएंट और पैक पर कीमतें बढ़ाई हैं। गुजरात कॉपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन के मुताबिक, पशु आहार, पैकेजिंग और ईंधन की लागत बढ़ने के कारण यह फैसला लिया गया। अमूल का कहना है कि यह बढ़ोतरी 2.5% से 3.5% के बीच है। अमूल ने मई 2025 के बाद पहली बार दूध के दाम बढ़ाए हैं। वहीं मदर डेयरी ने इससे पहले दूध की कीमतों में अप्रैल 2025 में बढ़ोतरी की थी।

#### किश्तवाड़ में आतंकी को पनाह देने वाला शिक्षक गिरफ्तार

किश्तवाड़/पुंछ । जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में सुरक्षा एजेंसियों ने सरकारी स्कूल के एक शिक्षक समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों पर जैश-ए-मोहम्मद के आतंकियों को पनाह, खाना और दूसरी मदद देने का आरोप है। गिरफ्तार शिक्षक की पहचान मशकूर अहमद के रूप में हुई है।

# विजय ने 24 घंटे में ज्योतिषी राधन को ओएसडी से हटाया

## सहयोगियों-विपक्ष ने विरोध किया था

■ 4 मई को विधानसभा चुनाव रिजल्ट आने के बाद सबसे पहले राधन ही विजय के घर मिलने पहुंचे थे।

■ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ज्योतिषी राधन और विजय करीब 20 सालों से एक-दूसरे के साथ जुड़े हैं।

तमसा संकेत, एजेंसी

चेन्नई । तमिलनाडु में फ्लोर टेस्ट पास करने के कुछ घंटे बाद ही मुख्यमंत्री विजय ने ज्योतिषी राधन पंडित को स्पेशल ड्यूटी ऑफिसर पद से हटा दिया। विजय ने पद से हटाने के 24 घंटे पहले ही उन्हें जिम्मेदारी दी थी, लेकिन विपक्ष और सहयोगी पार्टियों के विरोध के बाद



विजय, CM

फैसला वापस लेना पड़ा। राधन लंबे समय से विजय के करीबी माने जाते हैं। उन्होंने विजय के मुख्यमंत्री बनने की भविष्यवाणी की थी। उनकी सलाह पर ही 10 मई को विजय के शपथ ग्रहण का समय भी बदला गया था। राधन ज्योतिषी होने के साथ TVK के प्रवक्ता भी रहे हैं।

» (शेष पेज 06 पर)

### विपक्ष और सहयोगियों ने उठाए सवाल

TVK की सहयोगी पार्टी MJK के प्रमुख थमीमुन अंसारी ने विधानसभा में कहा कि निजी तौर पर कोई ज्योतिष में विश्वास रखता है तो यह उसकी पसंद हो सकती है, लेकिन सरकार में ज्योतिष नहीं आना चाहिए।

DMDK महासचिव और विधायक प्रेमलता विजयकांत ने भी एक ज्योतिषी को मुख्यमंत्री का OSD बनाए जाने को निंदनीय बताया है।

» (शेष पेज 06 पर)

## पेट्रोल-डीजल बचाने की अपील की थी, शाह-नड्डा ने भी काफिले में गाड़ियां कम कीं

# मोदी काफिला छोड़ दो गाड़ियों के साथ निकले

तमसा संकेत, एजेंसी


नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को काफिला छोड़ सिर्फ 2 गाड़ियों के साथ निकले। आमतौर पर पीएम के काफिले में 12 से 15 गाड़ियां रहती हैं। अब एक गाड़ी में पीएम जबकि दूसरी गाड़ी में SPG और सुरक्षा कर्मी मौजूद रहेंगे।

पीएम जनता से लगातार पेट्रोल-डीजल का कम इस्तेमाल करने की अपील कर रहे हैं। इसको लेकर गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने भी अपने काफिले की गाड़ियां कम कर दीं है।

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने काफिले में गाड़ियों की संख्या घटाने का आदेश दिया। पहले काफिले में 14-16 गाड़ियां रहती थीं, लेकिन बुधवार को दिल्ली दौरे के दौरान उनके साथ सिर्फ 5 गाड़ियां ही चलीं।

मध्य प्रदेश में अब मंत्रियों और वीआईपी काफिलों में गाड़ियों की संख्या सीमित की जाएगी। साथ ही सरकारी दौरों और भ्रमण के दौरान रैलियों पर भी रोक रहेगी।

उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने मंगलवार को 7 बड़े फैसले लिए। मुख्यमंत्री, मंत्रियों, विधायकों और अफसरों का काफिला 50% घटेगा। » (शेष पेज 06 पर)



■ पेट्रोल-डीजल बचाने की अपील के बाद पीएम बुधवार को केवल 2 गाड़ियों के साथ नजर आए।

■ मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के जस्टिस डीडी बंसल भी करीब 3 किलोमीटर साइकिल चलाकर हाईकोर्ट पहुंचे।





■ दिल्ली सरकार में मंत्री आशीष सूद मेट्रो के बाद ई-रिक्शा में बैठे।

■ कोरोना काल में हमने वर्क फ्रॉम होम जैसी व्यवस्थाएं अपनाईं और कई ऐसी प्रणालियां विकसित कीं। देश हित में आवश्यक है कि हम इन प्रक्रियाओं को फिर से शुरू करें।

- नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री

## सुझाव : ट्रांसफार्मर क्षमता बढ़ाने और जर्जर पोल बदलने के निर्देश, सभागार में समीक्षा बैठक

# गर्मी में निर्बाध बिजली आपूर्ति पर प्रशासन सख्त

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर । ग्रीष्म ऋतु के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने की। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने बिजली व्यवस्था को लेकर कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

बैठक में विधान परिषद सदस्य हरिओम पांडे, सांसद लालजी वर्मा, विधायक धर्मराज निषाद, विधायक राम अचल राजभर और विधायक त्रिभुवन दत्त समेत अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। सभी ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बेहतर बिजली व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर और गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में बिजली आपूर्ति प्रभावित न हो, इसके लिए विभाग पहले से पूरी तैयारी रखे। इसके साथ ही जनप्रतिनिधियों से प्राप्त प्रस्तावों को बिजनेस प्लान में शामिल कर शासन को भेजने के निर्देश भी दिए गए।

» (शेष पेज 06 पर)



### जनप्रतिनिधियों को नियमित सूचना देने के निर्देश

जिलाधिकारी ने अधीक्षण अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि विभिन्न योजनाओं के तहत कराए जा रहे कार्यों की अद्यतन जानकारी नियमित रूप से जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई जाए।

### खराब ट्रांसफार्मर और ढीले तारों पर जताई चिंता

जनप्रतिनिधियों ने कहा कि गर्मी के मौसम में बिजली की मांग बढ़ जाती है। ऐसे में जहां आवश्यकता हो, वहां ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाई जाए। खराब ट्रांसफार्मरों को समय से बदला जाए ताकि लोगों को परेशानी न हो।

बैठक में जर्जर और झुके हुए बिजली पोलों को जल्द ठीक कराने का मुद्दा भी उठा। इसके साथ ही ढीले विद्युत तारों को समय रहते दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। हाल में आई आंधी और बारिश से क्षतिग्रस्त पोल और बिजली लाइनों की मरम्मत का काम जल्द पूरा करने को कहा गया।

“ बैठक के दौरान सांसद निधि, विधायक निधि, आरडीएसएस योजना, बिजनेस प्लान और आरडीएसएस (एलओएच) के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा की गई। अधिकारियों से योजनाओं की वर्तमान स्थिति और प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया।

# यूपी, बिहार और महाराष्ट्र में आंधी-बारिश से 22 की मौत

## राजस्थान के बाड़मेर में तापमान 48 डिग्री सेल्सियस पार

### अलर्ट

तमसा संकेत, एजेंसी



नई दिल्ली/ भोपाल/ जयपुर/ लखनऊ । देशभर में दो तरह का मौसम देखने को मिल रहा है। राजस्थान में मंगलवार को चार जिलों में 45C से ज्यादा तापमान रहा। बाड़मेर लगातार तीसरे दिन देश का सबसे गर्म शहर रहा, यहां 48.3C तापमान दर्ज किया गया। फलोदी, चित्तौड़गढ़ और बीकानेर में पारा 45 से 46C के बीच रहा।

वहीं, उत्तर प्रदेश के संभल में बुधवार को दिन में अंधेरा छा गया। तेज हवा के साथ धूलभरी आंधी चली। राज्य के 38 जिलों में आंधी-तूफान के साथ बारिश का अलर्ट है। बदायूं में आंधी-बारिश से पांच लोगों की मौत हो गई। वहीं बरेली में तेज आंधी के चलते एक महिला की जान चली गई। हरदोई में दीवार गिरने से एक बच्ची की मौत हो गई, जबकि उन्नाव में अलग-अलग हादसों में दो लोगों की जान चली गई। बिहार के जमुई और बांका में बिजली गिरने से एक बच्चा समेत 5 लोगों की मौत हो गई।

■ इस हफ्ते अंडमान-निकोबार पहुंच सकता है मानसून

» (शेष पेज 06 पर)

### दोषियों पर कार्रवाई और परीक्षा व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो पूरे प्रदेश में आंदोलन तेज किया जाएगा : अनित रावत

# भाजपा सरकार शिक्षा माफियाओं के सामने नतमस्तक : अनित रावत

**नारेबाजी**

- नीट परीक्षा को लेकर छात्रों में भारी आक्रोश, सरकार युवाओं का भरोसा लगातार तोड़ रही है : अनित रावत
- पेपर लीक के दोषियों पर गैंगस्टर और एनएसए जैसी सख्त कार्रवाई हो, छात्रों को न्याय दे सरकारः अनित रावत

**तमसा संकेत, संवाददाता**

लखनऊ। आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश की छात्र विंग ASAP द्वारा बुधवार को NEET 2026 पेपर लीक



मामले के विरोध में राजधानी लखनऊ के जीपीओ कार्यालय, हजरतगंज के निकट जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान छात्र-युवा कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए परीक्षा प्रणाली में व्याप्त भ्रष्टाचार और पेपर लीक माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई। इस दौरान आप छात्रविंग के प्रदेश महासचिव अनित रावत के नेतृत्व में बड़ी संख्या में छात्र मौजूद रहे। प्रदर्शन के बाद जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन भी सौंपा गया। पुलिस द्वारा प्रदर्शन रोकने की कोशिश के दौरान कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया। इस अवसर पर छात्रविंग के प्रदेश महासचिव अनित

**करोड़ों छात्रों की मेहनत और अभिभावकों की कमाई पर पानी फेर रही है केंद्र सरकार : अनित**

> नीट 2026 पेपर लीक के खिलाफ आप छात्रविंग का प्रदर्शन, राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा, कई कार्यकर्ता हिरासत में
>
> देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा में पेपर लीक युवाओं के भविष्य पर हमला
>
> - अनित रावत

रावत ने कहा कि NEET जैसी देश की सबसे महत्वपूर्ण मेडिकल प्रवेश परीक्षा में पेपर लीक होना केवल एक परीक्षा में गड़बड़ी नहीं, बल्कि करोड़ों छात्रों के सपनों और भविष्य पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि लाखों छात्र दिन-रात मेहनत करके परीक्षा की तैयारी करते हैं, अभिभावक अपनी जीवनभर की कमाई बच्चों की पढ़ाई पर खर्च करते हैं, लेकिन भाजपा सरकार शिक्षा माफियाओं के सामने पूरी तरह नतमस्तक दिखाई दे रही है।



**अनित रावत ने कहा कि आज देश का युवा गुस्से में हैं**

अनित रावत ने कहा कि आज देश का युवा गुस्से में है क्योंकि उसकी मेहनत का कोई मूल्य नहीं रह गया है। उन्होंने कहा कि NEET पेपर लीक ने लाखों छात्रों का मानसिक संतुलन बिगाड़ दिया है और उनमें गहरा अवसाद एवं असुरक्षा पैदा की है। सरकार युवाओं के भविष्य को लेकर बिल्कुल संवेदनहीन हो चुकी है। उन्होंने मांग की कि NEET 2026 पेपर लीक मामले की उच्चस्तरीय न्यायिक जांच कराई जाए, पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जाए और इसमें शामिल माफियाओं, अधिकारियों एवं राजनीतिक संरक्षण देने वालों पर गैंगस्टर एक्ट और NSA जैसी कठोर धाराओं में कार्रवाई की जाए। साथ ही परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी और सुरक्षित बनाने के लिए ठोस नीति लागू की जाए ताकि भविष्य में छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ न हो सके।

## दूध मंडी हटाने पहुंची टीम बैरंग लौटी व्यापारियों ने किया हंगामा

### बोले- 20 साल पुरानी जगह नहीं छीन सकते

**तमसा संकेत, एजेंसी**

बख्शी का तालाब। लखनऊ के सैरपुर इलाके में छठा मील चौराहे के पास स्थित एक पुरानी दुग्ध मंडी को हटाने मंगलवार को पहुंचे अधिकारियों और कर्मचारियों को व्यापारियों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। टीन शेड हटाने की कोशिश के दौरान बड़ी संख्या में दुग्ध व्यापारी मौके पर जमा हो गए, जिसके बाद टीम को वापस लौटना पड़ा। मंगलवार सुबह कुछ लोग मंडी परिसर में लगे टीन शेड को हटाने पहुंचे थे। इसकी सूचना मिलते ही दुग्ध व्यापारी साइकिलों से मौके पर पहुंच गए और हंगामा शुरू कर दिया। विरोध बढ़ता देख टीन शेड हटाने आई टीम बिना कार्रवाई किए वापस लौट गई। व्यापारियों का आरोप है कि मंडी परिषद इस 20 साल पुरानी दुग्ध मंडी को हटाकर वहां एक नया मार्केट बनाना चाहती है। उनका कहना है कि यह मंडी



आसपास के कई परिवारों की आजीविका का साधन है। व्यापारियों ने स्पष्ट किया कि वे किसी भी कीमत पर मंडी को हटने नहीं देंगे। घटना की जानकारी मिलते ही समाजवादी पार्टी के कई कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए। सपा नेताओं ने दावा किया कि यह मंडी उनकी सरकार के कार्यकाल में स्थापित की गई थी और अब इसे खत्म करने की योजना बनाई जा रही है। उन्होंने व्यापारियों के समर्थन में आंदोलन की चेतावनी दी। दुग्ध व्यापारियों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि मंडी तोड़ने की कार्रवाई दोबारा की गई तो बड़ा धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

**फास्ट न्यूज**

### यूपी में जल संरक्षण की नई क्रांति

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार 'एक जिला-एक उत्पाद' की वैश्विक सफलता के बाद अब 'एक जिला-एक नदी' अभियान के जरिए जल संरक्षण और पर्यावरण पुनरुद्धार की नई इबारत लिख रही है। इसके जरिए नदियों को साफ करने, विलुप्त हो चुकी जलधाराओं को पुनर्जीवित कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पारिस्थितिकी तंत्र में सकारात्मक बदलाव लाने का काम किया जा रहा है।

### सैलून मैनेजर की आत्महत्या के मामले में पांच नामजद समेत अज्ञात पर मुकदमा

लखनऊ। शहीद पथ के शालीमार वन वर्ड में सोमवार रात निजी सैलून मैनेजर की आत्महत्या के मामले में बुधवार को पिता की तहरीर पर पांच नामजद समेत अज्ञात पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज हुआ है। गोमती नगर विस्तार थाने की पुलिस तहरीर और आत्महत्या के पहले बनाए गए वीडियो, मृतका के मोबाइल फोन और इंटरनेट मीडिया अकाउंट की मदद से मामले की जांच कर रही है। गोरखपुर के कैंट स्थित बिछिया गांव निवासी 32 वर्षीय रतना सिंह शहीद पथ के शालीमार वन वर्ड टावर सी-1 के फ्लैट 804 में रहती थी।

### राजद नेता तेजस्वी यादव ने प्रतीक यादव को बताया समझदार

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के संस्थापक स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के छोटे बेटे प्रतीक यादव की बुधवार को संदेहास्पद परिस्थितियों में मौत पर उनको जानने वाले स्तब्ध हैं। प्रतीक यादव के नजदीकी रिश्तेदार और बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने अपनी शोक संवेदना सोशल मीडिया पर पोस्ट की।

## जनपदीय अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा



- अधिकारियों को विकास कार्यों में गति लाने और जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश

**तमसास संकेत, संवाददाता**

मथुरा । उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य जी ने आज जनपद मथुरा के कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने जनपद में चल रही विकास परियोजनाओं की प्रगति का जायजा लिया और अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

विकास कार्यों को गति उप मुख्यमंत्री जी ने स्पष्ट किया कि मथुरा एक वैश्विक धार्मिक पर्यटन केंद्र है, अतः यहाँ की सभी परियोजनाएं समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण होनी चाहिए। उन्होंने लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने के निर्देश दिए।

परिक्रमा मार्ग एवं कच्चे मार्गः ब्रज की महत्ता को देखते हुए उन्होंने परिक्रमा मार्ग की सुगमता पर विशेष बल दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि परिक्रमा मार्ग पर श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो और जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में कच्चे मार्गों के निर्माण व सुदृढ़ीकरण का कार्य तत्काल शुरू किया जाए। जल निकासी व्यवस्थाः वर्षा ऋतु के आगमन से पूर्व शहर और प्रभावित क्षेत्रों में जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि जलभराव की समस्या से मुक्ति मिल सके। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि अस्पतालों में दवाओं की उपलब्धता और चिकित्सकों की उपस्थिति अनिवार्य हो।

### निर्वाचित पार्षद को 5 माह से नहीं दिलाई शपथ

लखनऊ । इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने वार्ड संख्या-73 फैजुल्लागंज से निर्वाचित पार्षद ललित किशोर तिवारी को पाँच महीने बाद भी शपथ न दिलाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की है। न्यायालय ने आदेश दिया है कि सात दिन के भीतर पार्षद को शपथ दिलाई जाए, अन्यथा मेयर और जिलाधिकारी अगली सुनवाई पर न्यायालय में हाजिर हों। ललित किशोर तिवारी को सत्र अदालत द्वारा पार्षद पद पर निर्वाचित घोषित किया गया था। इसके बावजूद उन्हें अब तक शपथ नहीं दिलाई गई है, जिसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। यह आदेश न्यायमूर्ति आलोक माथुर व न्यायमूर्ति अमिताभ कुमार राय की खंडपीठ ने ललित तिवारी उर्फ ललित किशोर तिवारी की याचिका पर पारित किया। मामले की अगली सुनवाई 21 मई को निर्धारित की गई है। इससे पहले, 11 मई को दिए गए आदेश में भी न्यायालय ने कहा था कि यदि बुधवार तक शपथ नहीं दिलाई जाती है, तो मेयर और जिलाधिकारी दोनों उपस्थित होकर स्पष्टीकरण दें।

### प्रधानमंत्री की पहल पर एक्शन में यूपी सरकार, मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने लिया ईंधन बचत का संकल्प

# 'वैश्विक संकट के बीच स्वदेशी और ईंधन बचत ही समाधान'

- ईंधन बचत और स्वदेशी अपनाने की मुहिम को योगेंद्र उपाध्याय का समर्थन, वर्चुअल मीटिंग पर जोर

**तमसास संकेत, संवाददाता**

लखनऊ । उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रहित में ईंधन बचत एवं स्वदेशी अपनाने के आवाहन का स्वागत करते हुए इसे समय की आवश्यकता बताया है। उन्होंने कहा कि वैश्विक उथल-पुथल के इस दौर में प्रधानमंत्री की दूरदर्शी सोच देश को मजबूती प्रदान करेगी। मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के क्रम में प्रदेश सरकार के मंत्री एवं अधिकारी भी इस मुहिम को अपनाते हुए ईंधन की खपत कम करने तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए संकल्पित हैं। उन्होंने स्वयं सप्ताह में एक दिन सार्वजनिक परिवहन के उपयोग और स्वदेशी वस्तुओं को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया है।



उन्होंने आगे कहा कि अनावश्यक ईंधन खपत को रोकने के उद्देश्य से आगामी अधिकांश बैठकों और कार्यक्रमों को वर्चुअल माध्यम से संचालित किया जाएगा। केवल अत्यंत आवश्यक कार्यक्रमों में ही भौतिक उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही, कार्यकर्ताओं से भी अपील की गई है कि वे ईंधन की बचत के लिए ई-वाहनों तथा पब्लिक ट्रांसपोर्ट का अधिकाधिक उपयोग करें। योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में विदेशी वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि हो रही है, ऐसे में स्वदेशी अपनाना न केवल आर्थिक रूप से लाभकारी है, बल्कि देश की आत्मनिर्भरता को भी मजबूत करेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री की इस पहल को देशहित में अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए आमजन से भी इसमें सहभागिता की अपील की।

**'वर्क फ्रॉम होम' और वर्चुअल मीटिंग्स को प्राथमिकता**

उच्च शिक्षा मंत्री ने बताया कि वे पहले से ही सरकारी प्रोटोकॉल के अंतर्गत सीमित वाहनों के उपयोग के पक्षधर रहे हैं, लेकिन प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के आवाहन के बाद उन्होंने इसे और सख्ती से लागू करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि "वर्क फ्रॉम होम" और वर्चुअल मीटिंग्स को प्राथमिकता देकर न केवल ईंधन की बचत होगी, बल्कि समय और संसाधनों का भी बेहतर उपयोग सुनिश्चित होगा।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रहित में ईंधन और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है और इसके लिए जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक है।

### आयुष मंत्री ने की 09 मण्डलों की समीक्षा बैठक, जनहित में चिकित्सक स्वास्थ्य शिविर आयोजित करें : डॉ. दयाशंकर मिश्र

# 'अस्पतालों में दवाओं की कमी न होने पाये'

**तमसास संकेत, संवाददाता**

लखनऊ । प्रदेश के आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एमओएस) डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने आज यहाँ योजना भवन के सभागार में प्रदेश के झांसी, चित्रकूट, अलीगढ़, अगरा, मैरठ, सहारनपुर, मुरादाबाद, देवीपाटन एवं बरेली मण्डल के अंतर्गत जिलों के क्षेत्रीय आयुर्वेदिक, यूनानी अधिकारी एवं जिला होम्योपैथिक अधिकारी के साथ वर्चुअल समीक्षा बैठक की। उन्होंने सभी मण्डलीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आयुष अस्पतालों में चिकित्सकों की कार्यस्थल पर ससमय उपस्थिति सुनिश्चित की जाय एवं ओ0पी0डी0 में आये हुए मरीजों का समुचित



उपचार किया जायें। डॉ. दयालु ने अधिकारियों को सख्त रूप से निर्देशित करते हुए कहा कि अस्पतालों में दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता बनी रहे। जहां पर दवाओं की कमी हो उसकी सूचना प्राथमिकता के आधार पर दी जाये, ताकि दवाओं को तत्काल उपलब्ध कराया जाए और रोगियों का समय से पूरा उपचार किया जा सके। उन्होंने कहा कि अस्पतालों मे मांग और आवश्यकता के अनुसार दवाइयां खरीदी जाये, जो



**आमजनमानस को जागरूक कर मरीजों का उपचार करें**

आयुष चिकित्सालयों में नियमित रूप से कैम्प लगाकर आमजनमानस को जागरूक कर मरीजों का उपचार करें। उन्होंने कहा कि बौध धर्म से जुड़े क्षेत्रों, जहाँ श्रद्धालुओं का आवागमन अधिक रहता है, जैसे श्रावस्ती जनपद वहाँ ''सोवा-रिग्पा'' पद्धति के प्रचार प्रसार पर भी बल दिया जायें। आयुष मंत्री ने कहा राज्य सरकार प्रदेश के सभी नागरिकों को त्वरित और बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस संबंध में किसी भी अधिकारी के द्वारा कार्य करने में लापरवाही स्वीकार नहीं होगी तथा संबंधित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

> प्रमुख सचिव आयुष श्री रंजन कुमार ने मंत्री जी को विभाग की अद्यतन प्रगति के विषय में विस्तार से अवगत कराया। उन्होंने मंत्री जी आश्वस्त किया कि उनके द्वारा दिए गए निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। बैठक में महानिदेशक आयुष श्रीमती चैत्रा वी0, निदेशक आयुर्वेद डॉ. नारायण दास, निदेशक होम्योपैथ डॉ. पी.के. सिंह, यूनानी निदेशक प्रो. जमाल अख्तर सहित 09 मण्डलों के आयुष चिकित्साधिकारी उपस्थित रहे।

दवाइयाँ कॉमन हैं और उनकी अधिक मांग है उनकों प्राथमिकता के आधार पर खरीदें ताकि मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी न होने पाए।


> आयुष मंत्री ने कहा कि आयुष चिकित्सालयों में स्वच्छ पेयजल, शौचालय एवं साफ-सफाई आदि पर विशेष ध्यान दिया जाये ताकि बुर्जुगों, महिलाओं और बच्चों को असुविधा न हो। चिकित्सालयों में हर्बल गॉर्डल के विकास हेतु अधिक से अधिक औषधीय पौधों के रोपड़ पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिये है।

## विधानसभा की संसदीय समितियों के अध्ययन भ्रमण स्थगित

**तमसा संकेत, संवाददाता**

लखनऊ। सतीश महाना के निर्देश पर उत्तर प्रदेश विधानसभा की विभिन्न संसदीय समितियों के पूर्व निर्धारित अध्ययन भ्रमण कार्यक्रमों को अग्रिम आदेशों तक स्थगित कर दिया गया है। यह फैसला नरेंद्र मोदी द्वारा 10 मई 2026 को की गई अपील के मद्देनज़र लिया गया है।

विधानसभा सचिवालय की ओर से जारी कार्यालय-ज्ञाप में कहा गया है कि देशहित और वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए संसदीय समितियों के सभी अध्ययन भ्रमण कार्यक्रम तत्काल प्रभाव से स्थगित रहेंगे। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील का सम्मान करते हुए विधानसभा की ओर से यह निर्णय लिया गया है, ताकि राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप सभी संसाधनों और व्यवस्थाओं का समुचित उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनि-



- प्रधानमंत्री की अपील के बाद विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने लिया निर्णय, अग्रिम आदेश तक सभी कार्यक्रम रद्द

धियों और संस्थाओं की जिम्मेदारी है कि वे राष्ट्रहित से जुड़े हर आह्वान में सहभागी बनें तथा परिस्थितियों के अनुरूप संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का परिचय दें।

विधानसभा सचिवालय के प्रमुख सचिव प्रदीप कुमार दुबे द्वारा जारी आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिए गए हैं।

**घटना :** 4 लोग घायल, 2 की हालत गंभीर, सरकारी टीचर का पैर टूटा

# डंपर ने उड़ाईं गाड़ियां युवक का पैर कटा

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ। लखनऊ में बुधवार सुबह बेकाबू डंपर ने 4 गाड़ियों को रौंद दिया। सवारी बैठा रहे ई-ऑटो, सीएनजी ऑटो, एक कार और एक बाइक को कुचल दिया। सभी गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं। हादसे में इन गाड़ियों के ड्राइवर समेत 4 लोग बुरी तरह घायल हो गए। एक युवक का बायां पैर कटकर डिवाइडर पर चिपक गया। स्कूल जा रही एक सरकारी टीचर का दाहिना पैर टूट गया। हादसा मड़ियांव थाने से करीब 200 मीटर दूरी पर चंद्राढाल पर हुआ। लखनऊ-सीतापुर रोड की सर्विस लेन पर फ्लाईओवर के नीचे कुछ ऑटो वाले सवारियां बैठा रहे थे। वहीं पर चाय-पानी के दुकानें हैं। सुबह करीब 7 बजे एक डंपर मेन रोड को छोड़कर सर्विस लेन में घुस



गया। उसने एक ऑटो को टक्कर मारी। फिर ऑटो से एक महिला टकराकर 10 फीट दूर गिरी। वहीं पर एक बाइक पर युवक भी खड़ा था। वह ट्रक और डिवाइडर के बीच में आ गया। इससे उसका बायां पैर कट गया। एक पैर कटने की वजह से वह उठ नहीं पा रहा था। इस पूरे घटना क्रम के दौरान डंपर के चालक और खलासी उतरकर भाग गए। पुलिस ने स्थानीय लोगों और राहगीरों की मदद से गाड़ियों के नीचे दबे घायलों को बाहर निकाला। सरकारी टीचर निधि का इस हादसे में दाहिना पैर टूट गया है। उनकी तैनाती सीतापुर में है। पति लखीमपुर खीरी में सरकारी टीचर हैं। उनको 2 महीने पहले बेटी हुई है। निधि के पिता अनिल सिंह चिनहट थाने में SI के तौर पर तैनात हैं।

**घटनास्थल पर बिखरे वाहन के पुर्जे और खून**

जहां पर हादसा हुआ, वहां हमेशा पैदल चलने वालों और ऑटो वालों की मौजूदगी रहती है। यह मुख्य रोड के किनारे पतली रोड है। डंपर तेज स्पीड में मुख्य सड़क से इसी रोड पर घुस आया। हादसा जब हुआ तो किसी के पास बचने का कोई मौका नहीं था।

हादसे के बाद सबसे पहले डंपर का खलासी उतरकर भाग गया। इसके बाद ड्राइवर भी खलासी की साइड से ही भागा। घटनास्थल पर जगह-जगह गाड़ियों के पुर्जे और खून पड़ा हुआ था। एक पूरा पैर कटकर डिवाइडर पर चिपका हुआ था।



**सरकारी टीचर सहित 4 लोग घायल**

हादसे के बाद पुलिस के साथ सिविल डिफेंस के वॉलंटियर्स भी मौके पर पहुंचे। यहां पर सड़क पर लोग तड़प रहे थे, कराह रहे थे। रेस्क्यू अभियान चलाकर इन्हें एंबुलेंस से हॉस्पिटल भेजा जाने लगा। क्षतिग्रस्त गाड़ियों को सड़क से हटाया जाने लगा। मड़ियांव के भरतनगर के रामखेलावन के बेटे आशु गौतम (26) का बायां पैर पूरा कट गया।


## जीआईएस, रिमोट सेंसिंग की तकनीकों पर विशेषज्ञों ने दी विस्तृत जानकारी

**तमसा संकेत, संवाददाता**

> पाँचवें दिवस पर रास्टर-वेक्टर डाटा, शेपफाइल निर्माण और स्पेशियल डाटा प्रबंधन की व्यावहारिक ट्रेनिंग दी गई, प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक लिया भाग।

बरेली। पर्यावरण विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित 10 दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला "नेविगेटिंग द फ्यूचरः जीआईएस एवं रिमोट सेंसिंग" के पाँचवें दिवस का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रोफेसर ए.पी. सिंह, निर्देशक सेल्फ फाइनेंस पाठ्यक्रम, बरेली कॉलेज के निर्देशन में आयोजित इस कार्यशाला में प्रतिभागियों ने जूम एवं यूट्यूब लाइव के माध्यम से उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम का संचालन विभाग के समन्वयक डॉ. जसपाल सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए जीआईएस (जियोग्राफिक इन्फॉर्मेशन सिस्टम) एवं रिमोट सेंसिंग की तकनीकी उपयोगिता तथा वर्तमान समय में इसकी बढ़ती आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उनके प्रभावी एवं प्रेरणादायक संचालन ने पूरे सत्र को





ज्ञानवर्धक एवं व्यवस्थित स्वरूप प्रदान किया। पाँचवें दिवस की मुख्य वक्ता श्रीमती श्रुति सक्सेना, जीआईएस (जियोग्राफिक इन्फॉर्मेशन सिस्टम) विश्लेषक, कोलकाता रहीं। उन्होंने प्रतिभागियों को रास्टर डाटा एवं वेक्टर डाटा की मूलभूत अवधारणाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रास्टर डाटा मुख्य रूप से पिक्सेल आधारित होता है, जिसका उपयोग सैटेलाइट इमेजरी एवं सतही विश्लेषण में किया जाता है, जबकि वेक्टर डाटा का उपयोग पॉइंट, लाइन एवं पॉलीगॉन फीचर्स के माध्यम से विभिन्न भौगोलिक तत्वों को प्रदर्शित करने के लिए किया जाता है।

सत्र के दौरान प्रतिभागियों को शेपफाइल की अवधारणा एवं उसके उपयोग के बारे में भी समझाया गया। श्रीमती श्रुति सक्सेना ने प्रायोगिक प्रदर्शन के माध्यम से बताया कि भौगोलिक निर्देशांकों की सहायता से किस प्रकार अपनी स्वयं की शेपफाइल तैयार की जा सकती है।

## सुबह 9 से 10 बजे तक चलेगा अभियान, पर्यावरण संरक्षण पर ग्रामीणों को किया जाएगा जागरूक

# ८९९ ग्राम पंचायतों में लगेगी 'ग्रीन चौपाल'

**आयोजन**

बृजेंद्र वीर सिंह



तमसा संकेत, अंबेडकरनगर। जिले में 15 मई को जिले की सभी 899 ग्राम पंचायतों में "ग्रीन चौपाल" का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 9 बजे से 10 बजे तक आयोजित होगा। अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण और हरित जागरूकता को बढ़ावा देना है।

ग्रीन चौपाल को लेकर मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला ने महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज, सदरपुर के ऑडिटोरियम में अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि ग्रीन चौपाल केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास से जुड़ा जनभागीदारी आधारित अभियान है। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में हरित चेतना विकसित करना और लोगों को पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार बनाना है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम का आयोजन सुव्यवस्थित और प्रभावी ढंग से किया जाए। सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ काम करें, ताकि अभियान का संदेश गांव-गांव तक पहुंच सके।

> प्रशासन की ओर से ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। चौपाल के दौरान ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विभिन्न उपायों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल के लिए प्रेरित किया जाएगा।

### ऑडिटोरियम में हुई तैयारियों की समीक्षा

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योत्स्ना बंधु, जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, सभी उपजिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत सचिव, लेखपाल और ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत समय से सभी तैयारियां पूरी करे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में अधिक से अधिक ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए, ताकि अभियान का व्यापक असर दिखाई दे।

### वृक्षारोपण और जल संरक्षण पर रहेगा फोकस

ग्रीन चौपाल के दौरान ग्रामीणों को वृक्षारोपण, जल संरक्षण, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसके साथ ही पौधों की नियमित देखभाल और निगरानी को लेकर भी जानकारी दी जाएगी। बैठक में आगामी एक माह के वृक्षारोपण अभियान की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी दिए गए। अधिकारियों से कहा गया कि गांव स्तर पर ऐसे स्थान चिह्नित किए जाएं, जहां अधिक संख्या में पौधरोपण किया जा सके।

# यूपीएससी प्रारंभिक परीक्षा की तैयारी के लिए शुरू मॉक टेस्ट

## बीएनपीजी कॉलेज केंद्र पर सात दिवसीय टेस्ट श्रृंखला

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2026 को लेकर मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत विशेष तैयारी अभियान चलाया जा रहा है। समाज कल्याण विभाग की ओर से बीएनपीजी कॉलेज केंद्र पर सात दिवसीय मॉक टेस्ट का आयोजन किया जा रहा है।

यह मॉक टेस्ट 9 मई 2026 से शुरू हुआ है। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतियोगी छात्रों को परीक्षा के माहौल से परिचित कराना और उनकी तैयारी को मजबूत बनाना है। मॉक टेस्ट में प्रतिदिन करीब 25 छात्र-छात्राएं शामिल हो रहे हैं।

11 मई को आयोजित सत्र का शुभारंभ सदर एसडीएम प्रतीक्षा सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद उन्होंने अभ्यर्थियों को UPSC परीक्षा की तैयारी से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

उन्होंने कहा कि प्रारंभिक परीक्षा और मुख्य परीक्षा की तैयारी साथ-साथ करना जरूरी है। छात्रों को उत्तर लेखन, समय प्रबंधन और पाठ्यक्रम की गहन समझ पर विशेष ध्यान देना चाहिए। सदर एसडीएम ने कहा कि कई अभ्यर्थी छोटी-छोटी गलतियों के कारण परीक्षा में पीछे रह जाते हैं। ऐसे में मॉक टेस्ट के दौरान हुई गलतियों का विश्लेषण करना बेहद जरूरी है।

### प्रशिक्षु आईएएस और अधिकारियों ने किया मूल्यांकन

9 मई को आयोजित मॉक टेस्ट में प्रशिक्षु आईएएस थनीगईयरसन टी और जिला समाज कल्याण अधिकारी ने अभ्यर्थियों का मूल्यांकन किया। इस दौरान प्रतियोगी छात्रों को परीक्षा की रणनीति, समय प्रबंधन और प्रश्न हल करने की विधि के बारे में जानकारी दी गई।

डीएम ईशा प्रिया ने छात्रों को बताया कि नियमित अभ्यास और मॉक टेस्ट के विश्लेषण से परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया जा सकता है।

## फास्ट न्यूज़

### चारागाह की जमीन पर कब्जे का मामला गरमाया

अंबेडकरनगर। भीटी तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा अतरडीहा में सरकारी चारागाह की जमीन पर कब्जे का मामला चर्चा में है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि गांव के कुछ दबंग लोगों ने चारागाह की भूमि पर लंबे समय से अवैध कब्जा कर रखा है। जानकारी के अनुसार गाटा संख्या 168, रकबा 4.20120 हेक्टेयर भूमि चारागाह के रूप में दर्ज है। इस जमीन को लेकर तहसीलदार न्यायालय भीटी में वाद संख्या 00337/2018 दर्ज किया गया था।

### मिशन शक्ति के तहत भटकी बालिका सकुशल बरामद

अंबेडकरनगर । थाना अलीगंज पुलिस ने मंगलवार को मिशन शक्ति अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए घर का रास्ता भटक गई एक बालिका को सकुशल बरामद किया। जानकारी के अनुसार पुलिस टीम ने रानी पुत्री प्रमोद, निवासी बसखारी को सुरक्षित अवस्था में पाया। इसके बाद बालिका को थाने लाकर पूछताछ की गई और उसके परिजनों से संपर्क स्थापित किया गया। पुलिस ने आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद बालिका को उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया। परिजनों ने बालिका को सुरक्षित पाकर राहत की सांस ली और पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया।

### गैस सिलेंडर के लिए एजेंसी के चक्कर काट रहे उपभोक्ता

अंबेडकरनगर । शिव शक्ति गैस एजेंसी को लेकर उपभोक्ताओं की परेशानी सामने आई है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि बुकिंग के कई सप्ताह बाद भी गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराया जा रहा। इसके चलते लोगों को बार-बार एजेंसी के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। कोड़रा निवासी उपभोक्ता राम अवतार ने बताया कि उन्होंने 15 मार्च को गैस सिलेंडर के लिए बुकिंग कराई थी, लेकिन अब तक सिलेंडर नहीं मिला।

# दूसरे बड़े मंगल पर अर्नव अस्पताल ने लगाया भंडारा

## बड़ी संख्या में लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। दूसरे बड़े मंगल के अवसर पर मंगलवार को बसखारी रोड स्थित अर्नव अस्पताल की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। पूरे दिन श्रद्धालुओं और राहगीरों की आवाजाही बनी रही।

भंडारे में लोगों को प्रसाद वितरण के साथ पेयजल की भी व्यवस्था की गई थी। आयोजन स्थल पर सुबह से ही लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। अस्पताल प्रबंधन और सहयोगियों ने व्यवस्था संभालते हुए श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया।

कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोग मौजूद रहे। अर्नव अस्पताल के संचालक अनमोल सिंह, डॉ. अजीत सिंह और डॉ. संगीता सिंह ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। भंडारे के दौरान आने वाले लोगों के लिए बैठने और प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई थी।

**■ बसखारी रोड पर दिनभर चलता रहा सेवा कार्यक्रम**

डॉ. अजीत सिंह ने कहा कि बड़ा मंगल सेवा और श्रद्धा का पर्व है। इस अवसर पर लोगों के बीच प्रसाद वितरण करना सुखद अनुभव है। उन्होंने कहा कि सामाजिक और धार्मिक आयोजनों से लोगों के बीच आपसी जुड़ाव मजबूत होता है। उन्होंने बताया कि भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और आयोजन को सफल बनाया।

# 12वीं में ग्रिफिन पब्लिक स्कूल का शानदार प्रदर्शन

## विकास वर्मा ने 91.8 प्रतिशत अंक हासिल कर किया टॉप

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। शहर के इल्तिफातगंज मार्ग स्थित ग्रिफिन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा सत्र 2025-26 में शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यार्थियों के बेहतर परिणाम से स्कूल प्रबंधन और अभिभावकों में खुशी का माहौल है। इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। स्कूल में विज्ञान वर्ग के छात्र विकास वर्मा ने 91.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में पहला स्थान हासिल किया। वहीं वाणिज्य वर्ग की छात्रा नंदिनी ने 88.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों ने भी बेहतर प्रदर्शन किया। अर्पिता तिवारी ने 87.4 प्रतिशत, अकुल यादव ने 87.2 प्रतिशत, शुभ्रा पटेल ने 85.2 प्रतिशत और परी कसौधन ने 84.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

इसके अलावा माधवी शुक्ला ने 83 प्रतिशत, मयंक गुप्ता ने 82.4 प्रतिशत, लक्ष्मी वर्मा और अखिलेश यादव ने 82-82 प्रतिशत तथा सूर्यांश मिश्रा ने 81 प्रतिशत अंक हासिल किए। विद्यालय प्रबंधन ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। स्कूल के शिक्षकों ने कहा कि विद्यार्थियों ने पूरे सत्र में अनुशासन और मेहनत के साथ पढ़ाई की। इसका परिणाम परीक्षा में दिखाई दिया। इस बार सीबीएसई की कॉपी जांच प्रक्रिया और मूल्यांकन पैटर्न में बदलाव के बावजूद विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। स्कूल प्रबंधन के अनुसार छात्रों ने नियमित अध्ययन, टेस्ट और शिक्षकों के मार्गदर्शन का पूरा लाभ उठाया। विद्यालय के शिक्षकों ने परीक्षा परिणाम को टीमवर्क और विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत का परिणाम बताया। स्कूल में पूरे वर्ष शैक्षणिक गतिविधियों के साथ नियमित अभ्यास पर विशेष ध्यान दिया गया था।

# मेडिकल कॉलेज में वेक्टर जनित रोगों पर कार्यशाला आयोजित

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। राजकीय मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर में कम्युनिटी मेडिसिन विभाग की ओर से वेक्टर जनित रोग विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 12 मई 2026 को कॉलेज परिसर स्थित एलटी-2 सभागार में हुआ।

कार्यशाला का आयोजन प्राचार्य प्रो. मुकेश यादव के निर्देशन में किया गया। इसमें गेट्स फाउंडेशन और PATH संस्था का सहयोग रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्य अधिकारियों, शिक्षकों और कर्मियों को वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम, नियंत्रण और उपचार से जुड़ी अद्यतन जानकारी देना था।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9 बजे पंजीकरण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। उद्घाटन संबोधन उप-प्राचार्य प्रो. उमेश वर्मा ने दिया। उन्होंने वेक्टर जनित रोगों के नियंत्रण में सतर्कता और समय पर कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यशाला में राज्य स्तर से डॉ. ए.के. चौधरी (एडी, मलेरिया एवं वेक्टर बॉर्न डिजीज) ने नियंत्रण कार्यक्रमों की वर्तमान स्थिति और चुनौतियों पर प्रकाश डाला।

PATH संस्था से डॉ. शोएब अनवर ने फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम, मलेरिया के उपचार और बचाव उपायों की जानकारी दी।

WHO से जुड़े जोनल नोडल कोऑर्डिनेटर डॉ. नित्यानंद ठाकुर ने विसरल लीशमैनियासिस (VL) के नियंत्रण और उन्मूलन रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की। कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के डॉ. शिवरतन ने कालाजार के उपचार और बचाव पर व्याख्यान दिया। डॉ. निहारिका द्विवेदी ने मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, फाइलेरिया और कालाजार की जांच प्रक्रिया और प्रयोगशाला निदान पर जानकारी साझा की।

# प्रीपेड मीटर व्यवस्था में बदलाव

## जिले के 60 हजार से अधिक स्मार्ट मीटर पोस्टपेड मोड में बदले गए

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर । बिजली प्रीपेड मीटर व्यवस्था को लेकर बड़ा बदलाव किया गया है। प्रीपेड मीटर से जुड़ी समस्याओं और उपभोक्ताओं के विरोध के बाद अब मीटरों को पोस्टपेड मोड में बदला जा रहा है। इसके बाद उपभोक्ताओं को सामान्य रीडिंग के आधार पर बिजली बिल मिलेगा। बिजली विभाग के अनुसार मई माह का बिल जून में पोस्टपेड मीटर रीडिंग के आधार पर तैयार किया जाएगा। बिजली बिलिंग व्यवस्था को सुचारु करने के लिए मध्यांचल विद्युत वितरण निगम ने 300 मीटर रीडरों की तैनाती की है। ये रीडर घर-घर जाकर सामान्य मीटर की रीडिंग के आधार पर बिल तैयार करते हैं।

प्रीपेड व्यवस्था लागू होने के बाद मीटर रीडिंग कार्य प्रभावित हुआ था, लेकिन अब पोस्टपेड सिस्टम बहाल होने से नियमित रीडिंग प्रक्रिया फिर से शुरू हो गई है। वहीं अधिशासी अभियंता संजय कुमार ने बताया कि जिले में 41 उपकेंद्रों के माध्यम से बिजली आपूर्ति की जा रही है और व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है।

> अधीक्षण अभियंता रजनीश श्रीवास्तव ने बताया कि मध्यांचल कार्यालय लखनऊ से जिले के करीब 60 हजार प्रीपेड मीटर को पोस्टपेड में बदला गया है। अब उपभोक्ताओं को सामान्य पोस्टपेड प्रणाली के तहत बिजली बिल मिलेगा।

### जिले में 4.30 लाख उपभोक्ता जुड़े

अकबरपुर, जलालपुर, टांडा और आलापुर डिवीजन में कुल 4.30 लाख बिजली कनेक्शन धारक हैं। इन क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति के लिए 41 विद्युत उपकेंद्र संचालित हैं।

विभाग के अनुसार जिले में हर माह करीब एक मिलियन यूनिट बिजली की खपत होती है। उपभोक्ताओं की संख्या और खपत के आधार पर बिलिंग व्यवस्था को नियमित किया जा रहा है।

### 60 हजार से अधिक मीटर पोस्टपेड में बदले गए

बिजली विभाग के अनुसार करीब 1.05 लाख उपभोक्ताओं के घरों और प्रतिष्ठानों पर स्मार्ट मीटर लगाए गए थे। इनमें से लगभग 60 हजार 300 मीटरों को पहले प्रीपेड मोड में बदला गया था। प्रीपेड व्यवस्था को लेकर उपभोक्ताओं ने विरोध जताया था और कई जगह प्रदर्शन भी हुए थे। इसके बाद विभाग ने अब इन मीटरों को वापस पोस्टपेड मोड में बदल दिया है।

# अकबरपुर में बाइक और स्कूटी की भिड़ंत, शिक्षक की मौत

## हाइडिल के पास देर रात हुआ हादसा, दूसरा युवक गंभीर घायल

तमसा संकेत, संवाददाता




अंबेडकरनगर । अकबरपुर थाना क्षेत्र के टांडा मार्ग स्थित हाइडिल के पास मंगलवार देर रात बाइक और स्कूटी की आमने-सामने टक्कर में एक शिक्षक की मौत हो गई। हादसे में दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

जानकारी के अनुसार सुल्तानपुर जिले के धनउपुर निवासी 35 वर्षीय राम कृष्ण शुक्ल मंगलवार रात करीब 10 बजे स्कूटी से जा रहे थे। इसी दौरान टांडा क्षेत्र के थिरुआ मेहनिया निवासी राधेश्याम पुत्र निंकू बाइक से अपने भाई को छोड़कर घर लौट रहा था।

बताया जा रहा है कि हाइडिल के पास दोनों वाहनों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसा इतना तेज था कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे सूचना विभाग के कर्मचारी और पुलिसकर्मियों ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने स्कूटी सवार राम कृष्ण शुक्ल को मृत घोषित कर दिया। मृतक राम कृष्ण शुक्ल बस्ती जिले के पूर्व माध्यमिक विद्यालय रघउपुर में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात थे। हादसे की खबर मिलने के बाद परिवार में कोहराम मच गया। वहीं दूसरे घायल युवक राधेश्याम का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

पुलिस ने शिक्षक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद देर रात तक पुलिस टीम मौके पर जांच में जुटी रही।

प्रभारी निरीक्षक श्रीनिवास पांडे ने बताया कि सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। टांडा मार्ग पर लगातार हो रहे सड़क हादसों को लेकर लोगों में चिंता बढ़ रही है।

# दिवंगत पुलिसकर्मियों के परिजनों को दी गई बीमा धनराशि

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर । पुलिस विभाग की कल्याणकारी योजनाओं के तहत दिवंगत पुलिसकर्मियों के परिजनों को बीमा धनराशि प्रदान की गई। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने दिवंगत कर्मचारियों की आश्रित पत्नियों को बीमा राशि के चेक सौंपे।

पुलिस विभाग से मिली जानकारी के अनुसार स्वर्गीय मुख्य आरक्षी अजय कुमार और स्वर्गीय आरक्षी उदय नारायण प्रजापति के पक्ष में भारतीय जीवन बीमा निगम, प्रयागराज की ओर से बीमा धनराशि स्वीकृत की गई थी। दोनों मामलों में 3 लाख 50 हजार रुपये की राशि का मल्टीचेक प्रदान किया गया।

यह सहायता उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग की कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत दी गई। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक ने दिवंगत कर्मियों के परिवारों से मुलाकात की और उन्हें हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

पुलिस विभाग की ओर से कहा गया कि सेवा के दौरान पुलिसकर्मियों का योगदान हमेशा महत्वपूर्ण रहता है। ऐसे में उनके परिवारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है।

**■ पुलिस अधीक्षक ने आश्रित परिवारों को सौंपे 3.50 लाख रुपये के चेक**

कार्यक्रम के दौरान विभागीय अधिकारियों ने भी दिवंगत पुलिसकर्मियों के प्रति श्रद्धांजलि व्यक्त की। साथ ही उनके परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए भविष्य में भी आवश्यक सहयोग देने की बात कही गई। पुलिस विभाग लगातार ऐसी योजनाओं के माध्यम से कर्मचारियों और उनके परिवारों को सहायता उपलब्ध कराने का कार्य कर रहा है।

## अवलोकन : मशीनों की कार्यप्रणाली देख उत्पादन बढ़ाने पर दिए सुझाव

# टांडा टेक्सटाइल एसोसिएशन सीएफसी का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

तमसा संकेत, संवाददाता





अंबेडकरनगर। टांडा में सामान्य सुविधा केंद्र टांडा टेक्सटाइल एसोसिएशन का जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न मशीनों की कार्यप्रणाली और उत्पादन प्रक्रिया की जानकारी ली गई। निरीक्षण के समय रेपियर लूम, वायरपीन और कॉर्निंग मशीनों का संचालन देखा गया। केंद्र में स्कूल ड्रेस, लोई और गमछा सहित विभिन्न वस्त्रों का उत्पादन किया जा रहा था।

निरीक्षण के दौरान ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी अकबरपुर प्रतीक्षा सिंह, उपजिलाधिकारी टांडा शशि शेखर, सहायक आयुक्त उद्योग अजय कुमार शर्मा, उद्यमी मित्र अखिलेश पटेल, निदेशक टांडा टेक्सटाइल अशिशी कासिम अंसारी और CFC के सदस्य मौजूद रहे। प्रशासन की ओर से कहा गया कि टेक्सटाइल इकाइयों के विकास और तकनीकी सुधार के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि स्थानीय स्तर पर रोजगार और उत्पादन दोनों को बढ़ावा मिल सके।

### उत्पादों का किया अवलोकन

निरीक्षण के दौरान CFC में तैयार सभी उत्पादों का भी अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने उत्पादन की गुणवत्ता और कार्यप्रणाली की जानकारी ली। इसके बाद जिलाधिकारी ने सकरावल पूर्वी क्षेत्र में स्थित दो पावर लूम इकाइयों का भी निरीक्षण किया। वहां चल रहे उत्पादन कार्य की स्थिति देखी गई और संबंधित जानकारी ली गई।

### मशीन अपग्रेड और आधुनिक तकनीक पर जोर

जिलाधिकारी ने वायरपीन मशीन को और आधुनिक बनाने के लिए PLC जैसे उपकरणों के उपयोग का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि तकनीकी सुधार से उत्पादन क्षमता और गुणवत्ता दोनों में सुधार संभव है।

इसके साथ ही उन्होंने CFC में हैंडलूम सेक्टर को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पारंपरिक हथकरघा को आधुनिक तकनीक से जोड़कर स्थानीय कारीगरों को अधिक अवसर दिए जा सकते हैं।

# अवैध खनन और परिवहन पर बड़ी कार्रवाई

## अकबरपुर, टांडा और हंसवर क्षेत्र में 14 वाहन सीज

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर । खनन विभाग ने अवैध खनन और मिट्टी परिवहन पर बड़ी कार्रवाई की है। मंगलवार को जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में छापेमारी कर कुल 14 वाहन सीज किए गए और कई वाहनों को पुलिस की सुपुर्दगी में दिया गया।

जिला खनन अधिकारी के अनुसार शासन के निर्देशों के क्रम में अवैध खनन और परिवहन पर सख्त निगरानी रखी जा रही है।

अकबरपुर तहसील के ग्राम विजयगांव में अवैध मिट्टी परिवहन करते हुए 5 ट्रैक्टर मय ट्राली पकड़े गए। इन सभी वाहनों को थाना कोतवाली अकबरपुर की सुपुर्दगी में दिया गया है। टांडा तहसील के ग्राम मुजाहिदपुर में अवैध खनन और परिवहन के मामले में 1 ट्रैक्टर मय लोडर और 3 ट्रैक्टर मय ट्राली सीज किए गए। इन्हें थाना बसखारी में रखा गया है। हंसवर के ग्राम सेमरा नसीरपुर, दाउदपुर, लखनपुर और मेंहदी क्षेत्रों में निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान सेमरा नसीरपुर में 2 ट्रैक्टर और मेंहदी में 3 ट्रैक्टर मय ट्राली अवैध परिवहन करते पाए गए। सभी वाहनों को सीज कर थाना हंसवर में रखा गया है।

- अकबरपुर क्षेत्र में ट्रैक्टर जब्त
- टांडा और बसखारी क्षेत्र में भी कार्रवाई
- हंसवर थाना क्षेत्र में भी कार्रवाई की गई।

# सम्पादकीय

## परीक्षार्थियों से खिलवाड़




मेडिकल कालेजों में प्रवेश की पात्रता परीक्षा नीट के प्रश्नपत्र लीक होने से पूरी परीक्षा रद करने की मजबूरी जितनी शर्मनाक है, उतनी ही चिंताजनक। यह परीक्षा इसलिए रद करनी पड़ी, क्योंकि राजस्थान पुलिस को कुछ छात्रों के पास से ऐसे गेस पेपर मिले, जिनके 410 प्रश्नों में से 140 से अधिक परीक्षा के मूल प्रश्नों से हूबहू मिल रहे थे। साफ है कि परीक्षाओं में सेंध लगाने वालों ने परीक्षा के पहले ही कहीं से प्रश्नपत्र हासिल कर लिए। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि मामले की जांच सीबीआइ को सौंप दी गई और शीघ्र ही नीट का दोबारा आयोजन किया जाएगा, क्योंकि 22 लाख से अधिक छात्रों को दोबारा परीक्षा देनी पड़ेगी।

इतनी बड़ी परीक्षा फिर से कराने का मतलब है छात्रों के साथ सरकार के समय और संसाधन की बर्बादी। छात्रों को मानसिक रूप से जो परेशानी उठानी पड़ी, उसकी तो क्षतिपूर्ति करना ही कठिन है। इससे बड़ी विडंबना और कोई नहीं कि जिस नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए का गठन ही इसलिए हुआ था कि प्रतियोगी परीक्षाएं नीर-क्षीर ढंग से हों, वह अपने उद्देश्य में नाकाम सिद्ध हो रही है। नीट में गड़बड़ी और अव्यवस्था के मामले पहले भी सामने आ चुके हैं।

गत वर्षों में कई बार इस परीक्षा में सेंध लगने के आरोप लगे और दो वर्ष पहले तो इन आरोपों ने इतना तूल पकड़ा कि एनटीए को कुछ केंद्रों की परीक्षा रद करके दोबारा करानी पड़ी थी। अतीत में एनटीए की ओर से आयोजित की जाने वाली कुछ और परीक्षाओं में भी गड़बड़ियां हो चुकी हैं या फिर धांधली की आशंका के चलते उन्हें टालना पड़ा है। स्पष्ट है कि यह एजेंसी कसौटी पर खरी नहीं उतर पा रही है।

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय को इसकी तह तक जाना होगा कि ऐसा क्यों है? उसे इसका आभास होना चाहिए कि एनटीए के साथ उसकी साख पर भी सवाल उठ रहे हैं। आखिर इंटरनेट और कंप्यूटर के इस युग में किसी परीक्षा के प्रश्नपत्र मुद्रित कर उन्हें देश भर के सैकड़ों केंद्रों में भेजने की पुराने जमाने की प्रक्रिया क्यों जारी है? इस प्रक्रिया में तो कहीं पर भी सेंध लग सकती है? यह समझना भी कठिन है कि जिस परीक्षा में लाखों छात्र बैठते हों, उसके प्रश्नपत्र के कई सेट क्यों नहीं तैयार किए जाते, ताकि यदि कभी कहीं प्रश्नपत्र लीक भी हो जाएं तो पूरी परीक्षा न रद करनी पड़े।

एनटीए का काम इसलिए संतोषजनक नहीं, क्योंकि वह पुराने तौर-तरीकों से काम कर रही है और अपने तंत्र को इसके लिए प्रेरित नहीं कर पा रही कि वह विश्व की प्रतिष्ठित और भरोसेमंद परीक्षाओं से कोई सीख ले। दुर्भाग्य से यही स्थिति प्रतियोगी परीक्षाएं कराने वाली अन्य संस्थाओं की भी है। इसी कारण प्रश्नपत्र लीक होने का सिलसिला कायम है।

# नारों से नहीं, व्यवहार से होगा गौ संरक्षण

> व्यवसायिक होते दौर में लोगों की मानसिकता में भी बदलाव हुआ है तो कुछ लोग विशिष्ट नस्ल की गायों को ही 'गौ-माता' मानते हुए शेष का बहिष्कार करने की आह्वान करते हैं तो ऐसे लोगों की भी कमी नहीं है जिनका मत है कि विदेशी नस्ल की गायों के कारण से ही इस देश में दूध की उपलबध्ता बढ़ी है।



भारत सत्य सनातन संस्कृति का अनुगामी है जहां गौ, गंगा, गायत्री, गुरु गोविंद के प्रति श्रद्धा है। हमारी आस्था और विश्वास है कि गौमाता में 33 कोटि देवता निवास करते हैं। हर सनातनी परिवार में गौ-ग्रास निकालने की परम्परा रही है। गौ पूजा के अनेक पर्व हैं तो भगवान श्रीकृष्ण की गौ सेवक की छवि सर्वाधिक लोकप्रिय है। गांधी जी के मतानुसार गौ-संरक्षण उनके लिए केवल गाय का नहीं, कमजोर और असहायों का संरक्षण भी है। गौ संरक्षण देश के लिए, पर्यावरण के लिए, अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है। उसका दूध भी माँ के दूध के बाद सर्वश्रेष्ठ है इसलिए उसे उत्तम स्वास्थ्य के लिए आवश्यक माना जाता है। गोमूत्र कैंसर सहित अनेक बीमारियों में रामबाण औषधि माना जाता है। एक शोध रिपोर्ट के अनुसार गाय दूध ही नहीं, सोना भी देतीं है। तीन सदस्यीय टीम ने अपने चार वर्ष के शोध के दौरान गिर नस्ल की 400 से अधिक गायों के यूरीन का क्रोमैटोग्राफी-मास स्पेक्ट्रोमेट्री विधि के प्रयोग से परीक्षण कर गौमूत्र से सोना प्राप्त होने की पुष्टि की। उनके अनुसार, 'प्राचीन ग्रंथों में गोमूत्र में स्वर्ण पाए जाने की चर्चा थी लेकिन कुछ लोग बार-बार कहते थे कि इसका कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है। इस परीक्षण प्रमाण से उनका मुंह बंद हो जाना चाहिए।'

इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि गौ-संरक्षण के नाम पर जोश और नारे तो बहुत हैं लेकिन व्यवहार कम ही देखने को मिलता है। शहरों में स्थान का अभाव और अनेक तरह के नियम बाधक हैं तो दूसरी ओर गांवों में भी नई पीढ़ी शिक्षा अथवा रोजगार के लिए शहरों की ओर मुख कर रही है अतः अब गाँव में भी लोग गाय पालने से बचने लगे हैं। तेजी से फैली टीवी संस्कृति ने गांव की महिलाओं को अपनी लपेट में ले लिया है। वे गाय की सेवा में घंटों लगाने की बजाय बाजार से दूध लेना चाहती हैं। इसके अनेक अन्य कारण भी है। . अब गांवों में चारागाह की समस्या हो रही है। पहले हर गांव में चारागाह, (जिसे ओरण, अरण्य, बणी, गौचर भी कहा जाता है) छोड़ी जाती थी लेकिन इधर जमीनों में दाम बढ़ने से पंचायतों की मिली भगत से बाहुबलियों के कब्जे होने लगे हैं। जिसका सीधा दुष्प्रभाव छोटे व भूमिहीन गौ पालकों पर पड़ा है। इधर फसल कटाई की स्वचालित मशीनों कि बढ़ते प्रचलन से भूसे का बहुत बड़ा भाग बर्बाद हो जाता है। साधारण व्यक्ति के लिए अब गांव में भी हरा चारा चरी, खल, चूरा आदि खरीद कर खिलाना बहुत महंगा पड़ता है। गाय यदि किसी दूसरे के खेत में घुस गई तो विवाद की नौबत आ जाती है।

बदलते परिवेश में लोगों का व्यवहार भी बदला है। दिखावे के लिए जरूर गाय को माता कहते हैं लेकिन घरों में कुत्ते पालने का प्रचलन बढ़ा है। गौ पालन में कमी का कारण उसका लाभकारी न होना बताने वाले कुत्ते से होने वाले आर्थिक लाभ के प्रश्न पर मौन रहने को विवश होते है या इसे अपनी रुचि बताकर पल्ला झाड़ लेते है।

गोवंश का संरक्षण किया जाना चाहिए लेकिन न जाने क्यों सड़कों पर भटकती गायों के मुद्दे पर बात करने से बचते हैं लेकिन इस बात से मुख नहीं मोड़ा जा सकता कि सड़कों पर भटकने को मजबूर गायें भी हमारे बीच रहने वालो की ही हैं। हमारे समाज में कुछ लोग ऐसे भी हैं जो दूध निकाल लेने के बाद अपनी गाय को गलियों- बाजारों में धक्के खाने के लिए छोड़ देते हैं। जो लोग गाय का दूध बेचकर रोजी-रोटी चलाते हैं, गौ दुग्ध बेचकर अपने लिए सुविधाएं और साधन जुटाने वाले बूढ़ी अथवा बीमार होने पर गायों को सड़कों पर धक्के खाने के लिए छोड़ने वाले अपराधी हैं या नहीं? नगरों और महानगरों में एक ऐसा माफिया पनप रहा है जो दूध निकालने के बाद गाय को ड़ंडा मार निकाल देते हैं। क्या ऐसे लोगों के लिए गौ-पालक अथवा गौ रक्षक जैसे किस शब्द का प्रयोग किया जाना चाहिए?

अक्सर देखा जाता है कि बरसात के दिनों में गायों के झुंड देशभर के हाई-वे पर आ बैठते हैं। अनेक बार दुर्घटनाएं भी होती हैं। गाय को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग और आंदोलन करने वालों को ऐसी दुर्घटनाओं में गायों के स्थाई रूप से घायल अथवा निष्प्राण होने के मुद्दे पर कुछ कहते हुए बहुत कम ही सुना जाता है। गौ माता का दोहन- शोषण करने वालों की मानसिकता में बदलाव करने अथवा इस प्रवृत्ति के विरुद्ध जनमत जागृत करने के लिए सरकारों को कोसने वालों का मौन चुभता है।

इन पंक्तियों के लेखक ने राजस्थान, गुजरात सहित अनेक राज्यों के अपने प्रवास के दौरान पाया कि हाई-वे या आसपास बैठी गाय कम, बछड़े अधिक होते हैं। इधर आधुनिकता ने अधिक दूध की चाह में कृत्रिम गर्भाधान और वर्ण संकर नस्ल को बढ़ावा दिया है। बछिया तो ठीक पर बछड़े को बोझ समझकर कोई नहीं पालना चाहता। बैल आधारित खेती का प्रचलन लगभग समाप्ति है। दूसरे विदेशी नस्ल के बछड़े जुताई आदि में कारगर भी नहीं होते। ऐसे में बछड़ों को महत्व कम अथवा समाप्त हो रहा है। इस बात पर विचार किया जाना चाहिए कि बछड़ों की उपयोगिता कैसे बढ़ाई जाय। उसकी उपयोगिता बचाये बिना उसे इस तरह लावारिस होने से नहीं बचाया जा सकता। सीधे स्वीकार करें या झूठी शान के चक्कर में बात को घूमाएं लेकिन कटु सत्य है कि इंसान परले दर्जे का स्वार्थी है। जो अनुपयोगी जो जाने पर अपने माँ - बाप को नहीं रखना चाहता, वह अनुपयोगी बछड़े को क्यों पालेगा? क्या सरकार पर गाय को राष्ट्र माता घोषित करने का दबाव देने वाले इन बछड़ों की उपयोगिता के बारे में भी कुछ विचार करेंगे? आज जब चारों ओर सोलर एनर्जी की धूम है तो क्या गोपालकों को ऐसे छोटे-छोटे टरबाइन निशुल्क अथवा नाम मात्र की कीमत पर नहीं देने चाहिए जिन्हें बछड़े -बैल सहजता से चलते हुए बिजली का उत्पादन करें? यदि इस ओर ध्यान दिया जाए तो स्थिति में बहुत बड़ा बदलाव हो सकता है। इस बात पर भी विचार किया जाना चाहिए कि 'बेटी बचाओं' के नारे लगाने वाला समाज का 'बछड़े' की दुर्दशा अर्थात लैंगिक भेदभाव पर मौन क्यों?

यह संभव है कि कुछ फर्जी गौ सेवक भी हों लेकिन गौ सेवा को समर्पित लोगों की भी कमी नहीं है। ऐसे लोगों के पुरुषार्थ और परोपकार भाव से ही देश भर में लाखों गौशालाएं चल रही है। सामान्य सनातनी परिवार भी अपनी श्रद्धा और समर्थ के अनुसार गौसेवा में योगदान देते हैं। कोरी नारेबाजी की बजाय गौ सेवा के इस भाव को और प्रबल करने की आवश्यकता है।

**- डा. विनोद बब्बर**

## भारतीय जनता पार्टी ने ...

संजय सिन्हा

# बंगाल में राजनीतिक हिंसा और घुसपैठ की बड़ी चुनौती



पश्चिम बंगाल की नई सरकार के साने सबसे बड़ी चुनौती राजनीतिक हिंसा का गहरा कल्चर और घुसपैठ है। अजीब बात है कि एक राज्य जो अपनी बौद्धिक विरासत पर गर्व करता है, वह दशकों से बदले की राजनीति और सड़क पर हिंसा के लिए उपजाऊ ज़मीन रहा है। हालांकि भाजपा का यह स्पष्ट नारा रहा है कि वह विदेशी घुसपैठियों को देश से बाहर करेगी, इसलिए पश्चिम बंगाल के जनादेश में इस पर अब जनता की मुहर भी लग गई है। कई राजनीतिक विश्लेषकों का यह भी मानना है कि तृणमूल कांग्रेस की नेता ममता बनर्जी ने मुस्लिम तुष्टिकरण को बढ़ावा देकर अपने शासन का संचालन किया। इसमें बांग्लादेश के घुसपैठियों का समर्थन भी शामिल रहा। अब भाजपा की सरकार बनने के बाद यह तय हो चुका है कि अब यहां की बांग्लादेश से लगी हुई सीमाएं पहले से ज्यादा सुरक्षित होंगी और एक बड़ी समस्या से छुटकारा भी मिलेगा। इससे यह भी आशय निकलता है कि सबका साथ और सबका विकास वाली राजनीतिक अवधारणा को स्वीकार किया जाने लगा है। देश में इसी प्रकार की राजनीति की आवश्यकता है क्योंकि राजनीतिक दलों ने आज देश में रहने वाले समाज के बीच इतना भेद पैदा कर दिया है कि कई जगह समाज बंधु एक दूसरे के दुश्मन बन गए हैं। हिन्दू और मुसलमान समाज के ही हिस्से हैं, इसलिए इनको अलग अलग देखने की राजनीति नहीं होना चाहिए। इसके विपरीत देश के कुछ राजनीतिक दलों का आधार ही मुस्लिम वोट हैं जबकि यह भी सही है कि तुष्टिकरण से किसी का भला न तो हुआ है और न ही होगा।भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल में प्रारंभ से ही इस बात पर जोर दिया था कि वह विदेशी घुसपैठियों के खिलाफ है। भाजपा के नेताओं के भाषण भी इसी पर केंद्रित रहते थे। इस मुद्दे पर भाजपा को जनता का भी समर्थन मिला और जनता ने भाजपा को बहुमत दे दिया। इसके अलावा ममता बनर्जी के नेतृत्व में तृणमूल कांग्रेस की सरकार ने जो कार्य किए, वह कहीं न कहीं हिन्दू समाज को नीचा दिखाने वाले ही थे, लेकिन तृणमूल कांग्रेस के नेता शायद इस बात को भूल गए कि बहुसंख्यक समाज को नकारने की राजनीति एक प्रकार से उसके लिए सत्ता से अलग होने की तस्वीर पेश कर सकती है। बंगाल घुसपैठ की समस्या से बहुत प्रभावित हुआ है। यहां पर अप्रत्याशित रूप से ज़मीनों पर अवैध कब्जे हो रहे हैं। कई जगह अचानक ही मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र बनते जा रहे हैं जिनमें मुर्शिदाबाद, उत्तर दिनाजपुर और मालदा आदि है। यह तीनों जिले बांग्लादेश की सीमा से लगे हुए हैं। इसके चलते बंगाल में अपराध भी बहुत होने लगे हैं। इसका कारण यही माना जा रहा है कि जो व्यक्ति घुसपैठ करके आए हैं, उनके सामने रोजगार का संकट है। जब रोजगार नहीं मिलेगा तो स्वाभाविक रूप से व्यक्ति गलत कार्य भी करने लगता है। इससे की दशा और दिशा भी ख़राब हो रही है।

मुर्शिदाबाद के रास्ते कई बांग्लादेशी नागरिक घुसपैठ करते रहे हैं। स्थानीय नागरिकों की मदद से वे सभी अपने आशियाने भी बना रहे थे, इनके ज्यादातर आशियाने अवैध कब्ज़ा करके ही बने हैं। तृणमूल कांग्रेस की सरकार के समय इनको पर्याप्त संरक्षण भी मिला। उल्लेखनीय है जिन क्षेत्रों में मुस्लिमों की जनसंख्या अचानक बढ़ी है, वे सभी तृणमूल कांग्रेस के प्रभाव वाले क्षेत्र रहे हैं। इन क्षेत्रों में हिन्दू समाज का कोई भी व्यक्ति जाने से डरता है। सवाल यह है कि यह डर किसने पैदा किया और इसको संरक्षण देने वाले कौन हैं। तृणमूल कांग्रेस ने तुष्टिकरण की राह पर चलते हुए इनको ताकत देने का काम किया। और यही उसकी हार का कारण भी बना। अब बंगाल का राजनीतिक दृश्य परिवर्तित हो चुका है। जिन्होंने लम्बे समय तक अमानुषिक अत्याचार सहन किए, वे सत्ता में आ चुके हैं लेकिन भाजपा को यह सत्ता ऐसे ही नही मिल गई। उसके सैकड़ों कार्यकर्ता का बलिदान इस जीत के नींव के पत्थर बने। चुनाव के बाद शुभेन्दु अधिकारी के निजी सहायक देवनाथ की हत्या इसका ताजा उदाहरण है जिसके बारे में कहा जा रहा है कि यह कार्य प्रशिक्षित अपराधियों ने किया।

# होर्मुज की तपिश में सरकार की छाँव



घर.परिवार हो या कोई देश आकस्मिक आपदा किसी पर भी कभी भी आ सकती है। विगत दिनों में ईरान और अमेरिका के युद्ध के चलते होर्मुज बंद हो गयाए जिसके कारण जहाजों की आवाजाही बंद हो गई। युद्ध के शुरूआती दौर में तो यह लगा था कि तेल और गैस की किल्लत से सभी जगह त्राहि.त्राहि मच जायेगी लेकिन भारत में ऐसा नहीं हुआ। सभी घरों में चूल्हे जलते रहेए वाहन चलते रहेए बच्चों की पढाई सुव्यवस्था के साथ चलती रही। यह सब कुछ तभी संभव हो सका क्योंकि हमारा मुखियाए हमारा संरक्षक जिम्मेदार और दूरदर्शी है।

हमारी सरकार ने कुशल नेतृत्व के साथ इस मुसीबत की घड़ी में अपनी बुद्धिमत्ता का परिचय देते हुए बढ़ती कीमतों के बोझ को अपने तक ही सीमित रखाए जनता को उस तकलीफ से रूबरू ही नहीं होने दिया। जबकि वास्तविकता तो यह है कि हमारी तेल कंपनियों को प्रतिदिन रूण् 1000 करोड़ का नुकसान उठाना पड़ रहा हैए अर्थात थोड़े में कहें तो हमारी सरकार को इस युद्ध के कारण रूण् 68ए000 करोड़ का भारी नुकसान हुआ है। इसके अलावा इस युद्ध का बोझ हमारे तेल भंडारों पर भी पड़ रहा हैए उनका स्तर निरंतर नीचे गिर रहा है और जिसको बनाये रखने में निवेश की आवश्यकता पड़ रही है। इस सब का असर सरकार के सेंट्रल एक्साइज पर भी पड़ रहा है। यानी तीन अलग.अलग दिशाओं में भारत को नुकसान उठाना पड़ रहा है।

भारी नुकसान के चलते निरंतर गिरती अर्थव्यवस्था को समय रहते सुधारना ही होगा और इसके लिए सरकार के साथ प्रत्येक नागरिक का भी दायित्व है कि वो अपनी भागीदारी समझे। ऐसे कठिन समय में जब आर्थिक मार हर घरए हर व्यक्ति तक पहुँच गई होए गाड़ियां खड़े होने के कगार पर होंए किसी भी सरकार के लिए बहुत आसान रास्ता था इस आर्थिक बोझ को जनता के ऊपर डालकर अलग हो जाना। लेकिन हमारी संवेदनशील सरकार ने अपनी सूझ बूझ से न केवल जनता को राहत दी बल्कि अपनी नीतिगत कुशलता से जनता को ऐसा छत्र दिया जिससे जनता का सामान्य जीवन अस्त व्यस्त होने से बच गया।

युद्ध न रुकने से जहाँ वैश्विक ऊर्जा संकट निरंतर बढ़ता ही जा रहा है वहीं होर्मुज का रास्ता साफ होने के भी कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि भविष्य में युद्ध विराम हो भी गया तो स्थिति को संभलने में कम से कम चार महीने लग जाएंगेए जिसके चलते अधिक समय तक तेल और गैस के दाम उच्च स्तर पर बने रह सकते हैं। परन्तु युद्ध के इस ग्यारहवें सप्ताह में सरकार द्वारा अपनाएं वर्तमान मॉडल को यदि और आगे खींचा गया तो इसके प्रतिकूल प्रभाव हमारी अर्थयवस्था पर पडने लगेंगे।

इन परिस्थितियों में हमारे सामने तीन चुनौतियां हैं. पहली चुनौती तेल भंडार से जुड़ी है। भारत का तेल भंडार आज 5ण्33 मिलियन टन पर हैए जो लगभग दो सप्ताह की आवश्यकता पूरी कर सकता है। आईईए मानक नब्बे दिनों का है। चंडीखोलए पादुर और बीकानेर में 6ण्5 मिलियन टन का दूसरा चरण निर्माणाधीन है ।

# जीवन को ढोंग से नहीं ढंग से जीएं

वर्तमान् युग की जटिल समस्या तनाव हैं । जरूरत से ज्यादा चिंतन, जिन्दगी को बोझिल बना देता है और दीमक बन कर खुशियों मे, खोखलापन ला देता है। इसलिए जरूरी है चिंतन को,हम चिन्ता का सबब न बनने दें क्यूकिं चिन्ता का अतिरेक आदमी को, चिता तक पहुंचा देता है। तनाव का अर्थ हैं कि तन + आव खिंचाव आना । हमारे जीवन में जब भी कुछ मनोविपरीत हो जाता है अथवा मनोनुकूल नहीं होता है तो दिमाग में तनाव पैदा हो जाता है।आजकल, हर किसी के जीवन मे किसी न किसी रूप में तनाव दिखाई पड़ता है। छोटा हो या बड़ा सबके मुख मुद्रा पर तनाव खड़ा रहता है। बच्चों के मन में भी पढ़ाई का, रैंक लाने का आदि - आदि तनाव हैं । वह बड़ों को तो बीसों कारणों से तनाव होता ही रहता है । हम जब कभी किसी कार्य को नहीं करते या फिर हम उस कार्य को कर नहीं पाते आदि - आदि तो उसके बाद हमें तनाव होने लगता है। वह जब जीवन में समस्या आती है तो हम अपने दिमाग और धन के माध्यम से उसका समाधान ढूंढता का प्रयास करते है। हमको सुनने में थोड़ा अजीब जरूर लगेगा लेकिन शिक्षा, ज्ञान और धन का अभाव (ना होने की वजह से) आदि - आदि हमारे जीवन में सबसे अधिक तनाव पैदा करता है। एक कहावत है कि दुनिया की सबसे बड़ी बीमारी टेंशन -तनाव है,तनाव विचारों की खिड़की से मेहमान बनकर आता है । तनाव के चक्रव्यूह मे फंसने पर, जीवन में आनंद कैसे रह सकता है? अब प्रश्न है तनाव आता क्यों है? जीवन में अचानक आईं हुईं बाधा को हम तनाव कहतें हैं । तनाव अनादिकालीन समस्या हैं । इस समस्या से मुक्त होना युग की आवश्यकता हैं । इसका कारण सीधा सा है कि जब परिस्थिति और मनः स्थिति में संतुलन खो हो जाता है तो मन तनाव से भर जाता है ।

**› प्रदीप छाजेड़**

## जरा हटके

## ऊर्जा को बचाने के लिए वर्क फ्रॉम होम की अपील

# मोदी की सामयिक अपील

- **एक साल तक सोना न खरीदें ताकि सोने के आयात में खर्च होने वाली विदेशी मुद्रा को बचाया जा सके।**
- **ईंधन की भारी महंगाई के कारण वाहन का कम इस्तेमाल करेंए मेट्रो का उपयोग करेंए और कारपूलिंग को बढ़ावा दें।**
- **हर परिवार से खाद्य तेल की खपत में कटौती की अपील ताकि देश की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके।**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गत 10 मई को जनता से जो अपील की हैए उसे सामयिकए दूरदर्शी और राष्ट्रहित में माना जाना चाहिए। विरोधी दलों के नेता भले ही इस में राजनीति के पुट तलाशें जैसे कि राहुल गांधी ने सोने की खरीद न करने पर नाराजगी जताई है लेकिन इस समय की जरूरत सोना नहीं बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की सोच है। देश की जनता इस बात को अच्छी तरह से जानती है कि लगभग तीन वर्ष पहले जब रूस और यूक्रेन का युद्ध प्रारम्भ हुआ थाए उसी समय से ईंधन संकट प्रारम्भ हो गया था। यह संकट लगभग 11 सप्ताह पूर्व 28 फरवरी से उस समय और गहरा हो गया जब ईरान.इज़रायल युद्ध में अमेरिका कूद पड़ा और ईरान ने दुनिया के सबसे व्यस्त ईंधन मार्ग स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को बंद कर दिया। भारत ने ईरान से भी मधुर संबंध बनाए रखे और अमेरिका से भी मित्रता कायम रखी। इससे भारत ने एक तरफ रूस से सस्ता कच्चा तेल खरीदाए दूसरी तरफ भारत के तेल और गैस से भरे जहाज होर्मुज के रास्ते ही भारत पहुंच गये। इस बीच ऊर्जा संकट से पूरी दुनिया त्राहि.त्राहि करने लगी और इसकी आंच भारत तक भी पहुंची। मोदी सरकार ने इस अभूतपूर्व ऊर्जा संकट में देश की जनता को संकट का सामना नहीं करने दिया। पूरी दुनिया में पेट्रोल.डीजल और रसोई गैस की कीमतें आसमान पर पहुंच गयीं लेकिन भारत में चूल्हे भी जलते रहे और वाहन भी चलते रहे। हाँए तेल और गैस के भंडार अब कम हो रहे हैं। इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की जागरूक जनता से बहुत सामान्य सहयोग मांगा है। इससे सरकार को तैयारी का समय मिल जाएगा क्योंकि वैश्विक ऊर्जा संकट अभी समाप्त नहीं हुआ है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और महंगे ईंधन के बीच देशहित में एक अहम अपील की है। उन्होंने विदेशी मुद्रा बचाने के लिए एक साल तक सोना न खरीदनेए खाने के तेल की खपत कम करनेए अनावश्यक वाहन उपयोग घटाकर कारपूलिंग करने और विदेश यात्राएं टालने का आग्रह किया है।

प्रधानमंत्री ने कहाए देशभक्ति सिर्फ जान देना नहीं बल्कि मुश्किल वक्त में ज़िम्मेदारी से जीना भी है। प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से सार्वजनिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल करने की अपील की। उन्होंने मेट्रोए कारपूल अपनाने पर जोर दिया।

पीएम मोदी ने वर्क फ्रॉम होम करने पर ज़ोर दिया। इसके पीछे सीधा हिसाब है। दफ्तर आने.जाने में रोज़ाना लाखों लीटर पेट्रोल.डीजल जलता है। कॉर्पोरेट कंपनियाँ अगर हफ्ते में कुछ दिन भी वर्क फ्रॉम होम लागू करें तो ईंधन की खपत और आयात का बोझ दोनों कम हो सकते हैं। पीएम ने नागरिकों से अपील की है कि वे गैर जरूरी विदेश यात्राए विदेश में छुट्टियां मनाने और विदेशी शादियों से बचकर और घरेलू पर्यटन और भारत के भीतर समारोह आयोजित करके विदेशी मुद्रा भंडार को संरक्षित करने में मदद करें।

पीएम मोदी ने लोगों से एक साल तक सोना न खरीदने की अपील की। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सोना खरीदने वाला देश है और हम हर साल करीब 59 अरब डॉलर यानी लगभग पांच लाख करोड़ रुपए का सोना बाहर से मंगाते हैं। सोने की कीमत और रुपए की कमजोरी के बीच सीधा रिश्ता है। सोना महंगा होता है तो रुपया और टूटता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने नागरिकों को मेड.इन.इंडिया और लोकल लेवल पर बनने वाले प्रोडक्ट्स को प्राथमिकता देने के लिए प्रोत्साहित कियाए जिनमें जूतेए बैग और सहायक उपकरण जैसी दैनिक उपयोग की वस्तुएं शामिल हैं। भारतीय सामान खरीदने से आयात कम होगा और देश के उद्योग और रोज़गार को फायदा मिलेगा।

पीएम मोदी ने किसानों से अपील कि वे रासायनिक खाद का उपयोग 50 प्रतिशत कम करेंए प्राकृतिक खेती अपनाएं और डीजल पंप की जगह सौर पंप लगाएं। भारत यूरिया की अपनी ज़रूरत का 25 प्रतिशतए फास्फेट का 90 प्रतिशत और पोटाश का पूरा 100 प्रतिशत विदेश से मंगाता है। 2023.24 में सिर्फ उर्वरक सब्सिडी का बोझ 1ण्75 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया। यूरिया बनाने के लिए प्राकृतिक गैस चाहिए जो खुद आयात होती है। पश्चिम एशिया संकट में गैस महंगी हुई तो खाद महंगी हुई और सरकार की सब्सिडी और बढ़ी। खाद का इस्तेमाल कम करें तो यह पूरी चेन टूटती है।

वैश्विक ऊर्जा मार्ग स्ट्रेट आफ होर्मुज से प्रतिदिन लगभग 2 करोड़ बैरल कच्चे तेल का परिवहन होता है। जहाजों का आवागमन बंद होने से इस वैश्विक संकट का प्रभाव अभूतपूर्व रहा। ब्रेंट क्रूड की कीमत 70 डॉलर से बढ़कर 126 डालर प्रति बैरल हो गयी है। इसके परिणामस्वरूप दुनिया के कई देशों को असाधारण कदम उठाने पड़े। बांग्लादेश में ईंधन की राशनिंग हुई। श्रीलंका में चार दिवसीय कार्य सप्ताह के साथ फ्यूल पास जारी किये गये हैं। दक्षिण कोरिया ने पहली बार ईंधन मूल्य सीमा तय की है। जापान को अपना सबसे बड़ा रणनीतिक तेल भंडार उपयोग करना पड़ रहा है। इसके विपरीत भारत में कोई ईधन राशनिंग नहीं हुई। देश भर में तेल व गैस की सुचारु आपूर्ति हो रही है। भारत भी अपने लगभग 88 फीसद कच्चे तेल के आयात के लिए इसी मार्ग पर निर्भर रहता है। भारत का लगभग 40 फीसद तेल आयात खाड़ी देशों से होता है। इस प्रकार हमारे देश को भी अभूतपूर्व ऊर्जा संकट का सामना करना पड़ा। लेकिन इसको भारत सरकार ने खुद वहन किया। इसके चलते सरकार पर आर्थिक बोझ बढ़ा है। पीएम ने जनता से अपना योगदान देने के लिए अपील की है जो देश.हित में है।

## 20 मिनट तक 15 राउंड फायरिंग की, दरोगा और 2 सिपाही घायल, दो बदमाश भागे

# 27 लाख लूटने वाले जुबैर और समीर एनकाउंटर में ढेर

**मुठभेड़**

तमसा संकेत, एजेंसी

गाजियाबाद। गाजियाबाद में कैश वैन से 27 लाख लूटने वाले दो 2 बदमाश समीर और जुबैर को मंगलवार रात पुलिस ने एनकाउंटर में ढेर कर दिया। दोनों पर एक-एक लाख का इनाम था। जुबैर लूटकांड का मास्टरमाइंड था।


समीर, आरोपी    जुबैर, आरोपी

**पुलिस का कहना है कि बदमाशों ने तमंचा दिखाकर ड्राइवर से खिड़की खुलवाई। ऐसे में ड्राइवर के पास गाड़ी भगाने का मौका भी था। इसी वजह से शुरुआती जांच में पुलिस को अंदरूनी मिलीभगत की आशंका हुई। लेकिन सीसीटीवी खंगालने के बाद पता चला कि लूट बदमाशों ने की है।**

यह मुठभेड़ वेव सिटी थाना क्षेत्र में हुई। DCP सिटी धवल जायसवाल ने बताया, पुलिस को सूचना मिली कि रात में वेव सिटी क्षेत्र में बदमाश किसी घटना को अंजाम देने जा रहे हैं। पुलिस ने घेराबंदी की, तभी संदिग्ध स्विफ्ट कार दिखाई दी। पुलिस ने जब गाड़ी रुकवाने की कोशिश की, तो बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। एक सब इंस्पेक्टर और दो कॉन्स्टेबल गोली लगने से घायल हो गए।

पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की तो बदमाश जंगल में कार छोड़कर पैदल भागने लगे। दोनों तरफ से 20 मिनट में करीब 15 से ज्यादा राउंड फायर हुए, जिसमें दो बदमाश मारे गए हैं। जबकि 2 अन्य फरार हो गए हैं। समीर के 2 गोली लगीं। जबकि जुबैर के सीने में एक गोली लगी। वहीं फरार बदमाशों की तलाश में 5 टीम में लगाई गई हैं। बदमाशों ने सबूत मिटाने के लिए कैश वैन में लगे सीसीटीवी कैमरे और डीवीआर को कुल्हाड़ी से तोड़ दिया था। मामले की जांच में जुटी पुलिस ने सोमवार को मोहम्मद कैफ और मोहम्मद रिजवान को गिरफ्तार किया था। डीसीपी धवल जायसवाल ने बताया कि पुलिस कमिश्नर जे. रविंदर गौड़ ने समीर और जुबैर पर एक-एक लाख रुपए का इनाम घोषित किया था।



### बांस-बल्ली की दुकान चलाता था जुबैर

डकैती का मास्टरमाइंड जुबैर विजयनगर में बांस-बल्ली की दुकान चलाता था। उसका पिता भी इसी दुकान पर रहता है, जबकि लूट में शामिल जुबैर का भाई शोएब कपडों की फेरी और पैठ बाजार में दुकान लगाता है। दोनों भाइयों ने कैश वैन में डकैती के लिए पड़ोसी फिरोज को शामिल किया था। फिरोज दुकानों पर कॉस्मेटिक का सामान आपूर्ति करता है। वहीं, पकड़े गए मोहम्मद कैफ का भाई समीर कोई काम नहीं करता था।

### लूट के 9 लाख 10 हजार रुपए मिले

पुलिस कमिश्नर जे. रविंदर गौड़ ने बताया, 4 बदमाश स्विफ्ट कार से आए थे। समीर और जुबैर के पास से लूटे गए 9 लाख 10 हजार रुपए कैश बरामद हुए हैं। पुलिस ने मौके से दो पिस्टल, दो तमंचे और लूट में इस्तेमाल की गई स्विफ्ट कार भी बरामद की है। दोनों बदमाश गाजियाबाद के विजय-नगर इलाके के रहने वाले थे। घायलों को अस्पताल भेजा गया है। 6 बदमाशों ने 6 मई को कैश वैन के ड्राइवर को बंधक बनाकर 27 लाख रुपए लूट लिए थे। बाद में घटनास्थल से करीब 8 किलोमीटर दूर वैन को मसूरी थाना क्षेत्र में एक्सप्रेस-वे पर छोड़कर भाग गए थे।

## श्रीराम पर अभद्र टिप्पणी और पत्रकारों को धमकी देने का मामला गरमाया

### 17 मई को राज्यमंत्री आवास घेराव की तैयारी

तमसा संकेत, संवाददाता

बाराबंकी। विकास खण्ड सूरतगंज क्षेत्र में जिला पंचायत सदस्य के पुत्र द्वारा कथित रूप से भगवान श्रीराम पर अभद्र टिप्पणी करने तथा क्षेत्रीय पत्रकारों को फोन पर धमकाने और अपमानजनक भाषा का प्रयोग करने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। घटना को लेकर पत्रकारों और ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के सदस्यों में भारी आक्रोश व्याप्त है। संगठन ने पुलिस पर मामले में ढिलाई बरतने का आरोप लगाते हुए आगामी 17 मई को प्रदेश के राज्यमंत्री के आवास का घेराव करने की चेतावनी दी है। जानकारी के अनुसार सूरतगंज क्षेत्र के एक जिला पंचायत सदस्य के पुत्र बलराज सिंह उर्फ बल्लू का नाम इस पूरे प्रकरण में सामने आया है। आरोप है कि विगत दिनों आयोजित एक कार्यक्रम की खबर कुछ क्षेत्रीय पत्रकारों द्वारा अपने समाचार पत्रों में प्रमुखता से प्रकाशित नहीं की गई



थी, जिससे नाराज होकर आरोपी ने अपने एक परिचित के मोबाइल फोन से एक पत्रकार को कॉल किया और बातचीत के दौरान पत्रकारों के खिलाफ अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया। आरोप यह भी है कि बातचीत के दौरान भगवान श्रीराम के नाम पर भी अभद्र टिप्पणी की गई। बताया जा रहा है कि आरोपी ने फोन पर यह तक कह दिया कि "पत्रकार हमारा क्या बिगाड़ लेंगे" और नाम न छापने से उसे कोई फर्क नहीं पड़ता। बातचीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग वायरल होने के बाद रामनगर, सूरतगंज और फतेहपुर तहसील क्षेत्र के पत्रकारों में भारी नाराजगी फैल गई।

## डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला शिक्षा परियोजना समिति की बैठक

### ग्रीष्मकालीन अवकाश में विद्यालयों में कायाकल्प कार्य एवं व्यापक स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश

तमसा संकेत, संवाददाता

बाराबंकी। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित लोकस-भागार में जिला शिक्षा परियोजना समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, एडीएम,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी एवं समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने बच्चों के शैक्षिक स्तर में निरंतर सुधार एवं विद्यालयों में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि आगामी ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान विद्यालयों की रसोइयों में कायाकल्प योजना के अंतर्गत टाईली-करण, शौचालय निर्माण एवं मरम्मत संबंधी कार्यों को अनिवार्य रूप से पूर्ण कराया जाए, जिससे नए शैक्षणिक सत्र



में विद्यार्थियों को बेहतर एवं स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने सभी विद्यालयों में रोस्टर के अनुसार व्यापक स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश देते हुए कहा कि वर्षा ऋतु प्रारंभ होने से पूर्व विद्यालय परिसरों, छतों, नालियों एवं अन्य स्थानों की साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में डीबीटी, मध्यान्ह भोजन योजना, विद्यालय निरीक्षण एवं अन्य शैक्षिक गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी द्वारा स्कूल चलो अभियान की भी समीक्षा करते हुए नामांकन बढ़ाने एवं अधिक से अधिक बच्चों को विद्यालयों से जोड़ने हेतु प्रभावी प्रयास करने के निर्देश दिए गए।

### कमियों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के सभी विकासखंडों में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में नामित नोडल अधिकारियों द्वारा नियमित निरीक्षण किया जाए। निरीक्षण के दौरान प्राप्त कमियों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि कस्तूरबा विद्यालयों में संचालित निर्माण एवं अन्य विकास कार्यों की सतत मॉनिटरिंग करते हुए सभी कार्य गुणवत्ता पूर्ण ढंग से कराए जाएं।

## मौसम विभाग बोला- अगले 3 घंटे में तूफान का अलर्ट, शाहजहांपुर में धूलभरी आंधी चली

# उन्नाव में ओले गिरे, लखनऊ बरेली में तेज आंधी पेड़-पोल उखड़कर गिरे

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी, प्रयागराज, मेरठ, लखनऊ। यूपी में आंधी-बारिश का सिलसिला थम नहीं रहा। बुधवार दोपहर ढाई बजे उन्नाव में बारिश के साथ ओले गिरे हैं। कानपुर में भी बरसात हुई। बरेली और लखनऊ में तेज आंधी चली। बरेली में हवा की स्पीड इतनी तेज थी कि बिजली के पोल और यूनिपोल उखड़ गए।

मौसम विभाग ने अगले 3 घंटे के लिए लखनऊ, उन्नाव, सीतापुर समेत आसपास के जिलों में बारिश और बिजली गिरने का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी-तूफान आ सकता है। इससे पहले सुबह संभल, मेरठ और बरेली में बारिश हुई। शाहजहांपुर में धूलभरी आंधी चली।

उन्नाव में आंधी-बारिश के बीच कार पर एक बड़ा पेड़ गिर गया। इसका लाइव वीडियो सामने आया है। बरेली-बदायूं में तेज आंधी में कई जगह साइन बोर्ड गिर गए। आज 38 जिलों में आंधी-तूफान के साथ बारिश का अलर्ट है। पिछले 24 घंटे में बांदा प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा। वहां 43.6 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया। बरेली और रामपुर में 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चली। इससे सड़क किनारे लगे यूनिपोल उखड़ गए।

लखनऊ के मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया- पश्चिमी विक्षोभ के चलते आज और कल मौसम बदला रहेगा। तेज हवाओं के साथ बारिश होगी। हवा की रफ्तार 50 किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकती है।



### गोंडा में रुक-रुक कर हो रही बारिश

गोंडा में बुधवार शाम करीब 3:30 बजे अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। हल्की हवाओं के साथ जिले में रुक-रुक कर बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने अगले तीन घंटों के दौरान तेज हवाओं के साथ भारी बारिश की संभावना जताते हुए अलर्ट जारी किया है।

**बरेली के आंवला क्षेत्र में बुधवार को आए भीषण आंधी-तूफान ने भारी तबाही मचाई। तूफान की चपेट में आने से 61 वर्षीय महिला लिपि की मौत हो गई। तेज आंधी के कारण उनका मकान भरभराकर गिर पड़ा, जिससे वह मलबे में दब गईं और उनकी मौके पर ही जान चली गई।**




### बस्ती में तेज आंधी से सड़क पर गिरा विशाल लोहे का साइन बोर्ड

बस्ती में बुधवार शाम तेज आंधी के चलते बड़ेबन-बांसी मार्ग पर लगा एक विशाल लोहे का साइन बोर्ड सड़क पर गिर गया। गनीमत रही कि घटना के समय वहां से गुजर रहे राहगीर बाल-बाल बच गए और कोई जनहानि नहीं हुई। करीब चार बजे अचानक आसमान में काले बादल छा गए और तेज हवाएं चलने लगीं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हवा इतनी तेज थी कि सड़क किनारे लगे बोर्ड और टीनशेड भी हिलने लगे थे।

## नरेंद्रानंद सरस्वती बोले- मंदिर सरकार के नियंत्रण से मुक्त हो

वाराणसी। सुमेरू पीठाधीश्वर शंकराचार्य नरेंद्रानंद सरस्वती ने देश के मौजूदा सामाजिक और धार्मिक मुद्दों पर बड़ा बयान दिया है। निर्माण दिवस कार्यक्रम में संतों की गोष्ठी के दौरान उन्होंने धर्मांतरण, समान नागरिक संहिता, मंदिरों के नियंत्रण और वैश्विक संकट जैसे विषयों पर खुलकर अपनी राय रखी। स्वामी नरेंद्रानंद सरस्वती ने कहा- भारत एक रहे, सुरक्षित रहे और संरक्षित रहे। ब्रह्मलीन शंकराचार्य शंकरानंद सरस्वती जी के 35वें निर्माण दिवस पर चंद्रमौलेश्वर और त्रिपुर सुंदरी का महाभिषेक और चक्रार्चन संपन्न हुआ। इसके बाद संतों की गोष्ठी हुई, जिसमें देश की ज्वलंत परिस्थितियों पर चर्चा की गई। धर्मांतरण जो एक तरह से राष्ट्रांतरण है, वह देशहित में नहीं है। मंदिरों का नियंत्रण सरकार के बजाय हिंदुओं के हाथ में होना चाहिए। समान शिक्षा नीति और समान नागरिक संहिता समय की जरूरत है। संतों का काम धर्म जागरण करना है।

## दुल्हन ने दूल्हे की शक्ल देखकर शादी से किया इनकार घराती और बाराती में चले लात-घूंसे

तमसा संकेत, एजेंसी

हरदोई। हरदोई में एक अनोखा मामला सामने आया है। मंगलवार रात द्वारचार के समय वकील दुल्हन ने दूल्हे की शक्ल देखकर शादी से इनकार कर दिया। दुल्हन का आरोप था कि यह वह व्यक्ति नहीं है जिससे वह प्यार करती है। उसकी शादी प्रेमी से ही तय हुई थी, लेकिन दूल्हा बनकर कोई और आया। इसके बाद लड़के और लड़की वालों में कहासुनी होने लगी।

देखते ही देखते दोनों ओर से मारपीट होने लगी। घराती और बाराती में जमकर लात-घूंसे चले। मारपीट में दूल्हे समेत कई लोग घायल भी हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दूल्हा समेत 6 बारातियों को गिरफ्तार किया है। मामला के शाहाबाद थाना इलाके का है।



भुड़िया मोहल्ले की निवासी एडवोकेट प्रिया वाजपेई ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। प्रिया के अनुसार, उनकी पहचान मध्य प्रदेश निवासी राहुल मिश्रा से सोशल मीडिया के जरिए हुई थी। यह जान-पहचान धीरे-धीरे प्यार में बदल गई। प्रिया का दावा है कि राहुल ने उसे बताया था कि वह सरकारी नौकरी में है। बातचीत के दौरान राहुल दो बार शाहाबाद आकर उससे मिला भी था। दोनों परिवारों के बीच फोन पर शादी तय हुई। 12 मई की तारीख निर्धारित की गई। मंगलवार रात प्रिया के घर बारात पहुंची। द्वारचार के समय जब प्रिया ने दूल्हे का चेहरा देखा, तो वह हैरान रह गई।

## 'फैमिली आईडी निर्माण, आवास योजनाओं एवं पेंशन सत्यापन में तेजी लाने के निर्देश'

### महिला समूहों की सक्रियता एवं गौशालाओं के प्रभावी संचालन के निर्देश

तमसा संकेत, संवाददाता

बाराबंकी। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित लोकस-भागार में ग्राम विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, गोशालाओं एवं जिला स्वच्छता समिति से संबंधित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सहित जनपद स्तरीय अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी ने विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणव-त्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में महिला स्वयं सहायता समूहों के संचालन की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि समूहों को अधिक सक्रिय एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभागीय स्तर पर समुचित सहयोग



प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि समूहों को समय से भुगतान उपलब्ध कराया जाए, जिससे उनकी गतिविधियों का संचालन सुचारु रूप से हो सके। जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक विकासखंड में प्रतिदिन निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप फैमिली आईडी निर्माण का कार्य अनिवार्य रूप से पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि अब तक जनपद में कुल 77,794 फैमिली आईडी बनाई जा चुकी हैं तथा शेष पात्र परिवारों की फैमिली आईडी भी शीघ्र बनवाना सुनिश्चित किया जाए, जिससे शासन की लाभार्थीपरक योजनाओं का पारदर्शी एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। निर्माणाधीन अन्नपूर्णा भवनों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराए जाएं। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए तथा गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) एवं विभिन्न आवास योजनाओं के कार्यों में भी तेजी लाने के निर्देश दिए गए। गौ आश्रय स्थलों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी गोशालाओं में पर्याप्त मात्रा में हरा चारा, साइलेज एवं भूसे की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, टाण्डा जनपद अम्बेडकरनगर

पत्रांक 213/न.पा.प.टा./2026-27    दिनांकः 13/05/2026

### ई-निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद, टाण्डा जनपद अम्बेडकरनगर के द्वारा स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में A/B/C/D/E श्रेणी (जैसा लागू हो) में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर राज्य वित्त आयोग मद के अन्तर्गत 4 निर्माण कार्य की निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

1- कार्य का विवरण वेबसाइट https://www.tender.up.nic.in पर लॉगइन कर देखा जा सकता है।
2- वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि दिनांक 14.05.2026 से दिनांक 04.06.2026 तक।
3- ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय दिनांक 04.06.2026 समय 12:00 बजे।
4- ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि/समय दिनांक 04.06.2026 समय अपरान्ह 02:00 बजे।
5- निविदा आमंत्रणकर्ता को आई०टी०बी० के क्लाज 9 के अनुसार परिशिष्ट / शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है, जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल की निगरानी रखें।
6- अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट https://www.tender.up.nic.in पर लॉगइन करे तथा बिड को डाउनलोड करें।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, टाण्डा
अम्बेडकरनगर

## मेरठ में मुनीर गैंग के मेंबर का एनकाउंटर ■ एक लाख का इनामी, 24 मुकदमे दर्ज थे

# एएमयू टीचर के हत्यारोपी जुबैर को एसटीएफ ने मार गिराया

**घेराव**

तमसा संकेत, एजेंसी

मेरठ। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के टीचर के हत्यारोपी जुबैर को मेरठ में STF ने बुधवार तड़के 4 बजे मार गिराया। STF एसपी बृजेश कुमार सिंह ने बताया-उन्हें सूचना मिली थी कि जुबैर मेरठ में किसी की हत्या करने आया था। वह एक बंद फैक्ट्री में छिपा हुआ था और साथियों का इंतजार कर रहा था। सूचना पर STF ने जुबैर को घेरा तो उसने फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में जुबैर के पेट और सीने में गोली लग गई। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान उसने


जुबैर, मृतक

दम तोड़ दिया। STF के मुताबिक, दोनों तरफ से 36 राउंड फायरिंग हुई। इसमें जुबैर ने 20 राउंड फायरिंग की। मुठभेड़ शहर से 12 किमी दूर अलीपुर थाना क्षेत्र में हुई। जुबैर मुनीर गैंग का मेंबर था।

एसपी STF (प्रभारी, मेरठ यूनिट) बृजेश कुमार सिंह ने बताया-जुबैर ने 24 दिसंबर 2025 को साथियों के साथ मिलकर AMU में टीचर दानिश अली की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसी मामले में पुलिस ने उस पर एक लाख रुपए का इनाम घोषित किया था। तब से पुलिस उसकी तलाश कर रही थी।

### 11 साल पहले क्राइम की दुनिया में कदम रखा, मुनीर गैंग से जुड़ा

जुबैर अलीगढ़ के थाना बरला क्षेत्र के नौशा गांव का रहने वाला था। इस समय वह शाहीन बाग, दिल्ली में रहता था। उसने 2015 में अपराध की दुनिया में कदम रखा था। 2017 में वह मुनीर गैंग से जुड़ गया। इसके बाद उसने अपना अलग गैंग खड़ा कर लिया और हथियारों की तस्करी करने लगा। उसके खिलाफ अलीगढ़ और दिल्ली में हत्या और लूट जैसी धाराओं में 24 मुकदमे दर्ज थे।

**3 दिन में चार बदमाश एनकाउंटर में ढेर हो चुके हैं। जुबैर से पहले सोमवार रात चंदौली पुलिस ने 26 घंटे के भीतर हत्या करने वाले साइको किलर गुरप्रीत सिंह को एनकाउंटर में ढेर किया था। वहीं, मंगलवार देर रात गाजियाबाद में कैश वैन से 27 लाख रुपये लूटने वाले दो बदमाश समीर और जुबैर को पुलिस ने एनकाउंटर में मार गिराया था।**

### एएमयू के टीचर को मारी थीं 5 गोलियां



24 दिसंबर 2025 की रात 8.45 बजे AMU के टीचर राव दानिश अली अपने दोस्तों के साथ कैनेडी हॉल पार्क में टहलकर निकले थे। मौलाना आजाद लाइब्रेरी कैंटीन के पास नकाबपोशों ने स्कूटी रोकी। उनसे कहा 'अब तो पहचानोगे, मैं कौन हूं।' इतना कहते हुए बदमाश ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं और भाग निकले। गोली दानिश के सिर में लगी थी। दोस्तों ने उनके छोटे भाई राव फराज अली को सूचना दी। घटनास्थल के पास ही सुलेमान हॉल में मौजूद फराज अली कुछ ही समय में मौके पर पहुंचे और लहूलुहान भाई को मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। राव दानिश अली AMU के एबीके बॉयल स्कूल में कंप्यूटर टीचर थे। उस वक्त पुलिस जांच में सामने आया था कि 2018 में शाहबेज की हत्या हुई थी। जुबैर ने अपने भाइयों यासिर और फहद के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया था। इस मामले में जुबैर को 7 साल की सजा हुई थी। जुबैर को शक था कि दानिश ने उसके खिलाफ पुलिस को मुखबिरी की थी। इसके बाद उसने दानिश की हत्या की साजिश रची थी।

# जांच करने पहुंची पुलिस पर गो तस्कर ने किया हमला

## शामली में कुल्हाड़ी से कांस्टेबल घायल

तमसा संकेत, एजेंसी

शामली। शामली जिले के कांधला कस्बे में मंगलवार देर रात करीब दो बजे पुलिस और एक कथित गो तस्कर के बीच हुई मुठभेड़ से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। सत्यापन अभियान के दौरान एक मकान में गोवंश के अवशेष मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम पर आरोपी ने पहले कुल्हाड़ी से हमला कर दिया और फिर तमंचे से फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली आरोपी के पैर में लगी, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। घटना कांधला थाना क्षेत्र के मोहल्ला खेल की बताई जा रही है। पुलिस टीम इलाके में संदिग्ध गतिविधियों और किरायेदारों के सत्यापन के लिए अभियान चला रही थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि मोहल्ले



के एक मकान में गोकशी की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची और मकान की घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही आरोपी खलील पुत्र जमील बौखला गया। बताया गया कि उसने अचानक पुलिस टीम पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। इस हमले में कांस्टेबल सुमित गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद आरोपी मौके से भागने लगा और भागते समय 315 बोर के तमंचे से पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। अचानक हुई फायरिंग से इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

**फास्ट न्यूज**

### आगरा में दिनदहाड़े टूटे घर के ताले, 10 लाख चोरी

आगरा । आगरा के थाना ट्रांस यमुना क्षेत्र की बसेरा कॉलोनी, कालिंदी विहार में मंगलवार को दिनदहाड़े चोरी की बड़ी वारदात सामने आई। अज्ञात चोर सूने मकान का ताला तोड़कर घर में घुसे और अलमारी में रखे करीब 10 लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के आभूषण व नकदी चोरी कर ले गए। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### होजरी कारोबारी का मर्डर करने वाले रेस्टोरेंट संचालक का एनकाउंटर

कानपुर । फीलखाना में होजरी कारोबारी की गोली मारकर हत्या करने वाले आरोपी की गंगा बैराज के पास पुलिस से मुठभेड़ हो गई। खुद को घिरा देख हत्यारोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग की। जवाबी फायरिंग में आरोपी के पैर में गोली लगी। पुलिस ने घायल हत्यारोपी को गिरफ्तार कर हैलट अस्पताल में भर्ती कराया। उसके पास से पुलिस तमंचा बरामद किया है। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य इकट्ठा किया है। अस्पताल में होजरी कारोबारी विजय चौरसिया के हत्यारोपी विशाल गुप्ता ने ब्याज के रुपए न देने पर हुए विवाद के बाद हत्या करने की बात कबूली है।

### गाजीपुर में स्मार्ट मीटर हटाने पर बनी सहमति

गाजीपुर। गाजीपुर कलेक्ट्रेट स्थित राइफल क्लब सभागार में जिला विद्युत समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला और गाजीपुर सांसद अफजाल अंसारी ने इसकी अध्यक्षता की। बैठक में बिजली व्यवस्था सुधार, स्मार्ट मीटर और उपभोक्ताओं की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान स्मार्ट मीटर हटाने और उपभोक्ताओं से वसूली गई राशि वापस करने पर सहमति बनी।

# श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर भव्य मंदिर बनने की जताई उम्मीद

**चर्चा**

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। धार्मिक यात्रा पर वृंदावन पहुंचे अखिल भारत आतंकवाद विरोधी मोर्चा के अध्यक्ष मनिंदरजीत सिंह बिट्टा ने प्रसिद्ध कथा वाचक देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सनातन बोर्ड के गठन की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि देश में सनातन धर्म और मंदिरों की सुरक्षा के लिए ठोस व्यवस्था आवश्यक है।

मनिंदरजीत सिंह बिट्टा ने कहा कि देश ने अयोध्या में भगवान राम मंदिर निर्माण और काशी में ज्ञानवापी विवाद को लेकर हुए बदलाव देखे हैं। अब मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि को अतिक्रमण मुक्त कर भव्य मंदिर बनते देखने की इच्छा है।

उन्होंने कहा कि मुगल आक्रांताओं द्वारा देश के कई मंदिरों



■ **वृंदावन पहुंचे मनिंदर सिंह बिट्टा, देवकीनंदन महाराज की सनातन बोर्ड मांग का किया समर्थन**

को लूटा गया और तोड़कर वहां अवैध निर्माण किए गए। उन्होंने मुस्लिम समाज से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा कि यदि मुस्लिम भाई बाहरी आक्रांताओं को अपना न मानकर मंदिर निर्माण में सहयोग करें, तो यह देश में सौहार्द और एकता की मिसाल बनेगा।

इस अवसर पर धार्मिक एवं सामाजिक विषयों को लेकर दोनों नेताओं के बीच विस्तृत चर्चा हुई।

## कानपुर में एमएलए अमिताभ बाजपेई धरने पर बैठे, एसीपी से बोले-आप उन गुंडों की चमचागिरी कीजिए

# सपा विधायक को बीजेपी पार्षद ने चप्पल दिखाई

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर । कानपुर में एक प्राथमिक स्कूल को स्मार्ट स्कूल बनाए जाने के शिलान्यास कार्यक्रम को लेकर बुधवार को सपा और बीजेपी कार्यकर्ताओं के बीच जमकर हंगामा हुआ। मौके पर सपा विधायक अमिताभ बाजपेई और बीजेपी के पूर्व प्रत्याशी सुरेश अवस्थी आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते दोनों दलों के समर्थकों और कार्यकर्ताओं का हुजूम इकट्ठा हो गया।

कई कार्यकर्ता भी स्कूल परिसर पहुंच गए। इससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। पुलिस को मौके पर पहुंचकर स्थिति संभालनी पड़ी। भाजपा नेता सुरेश अवस्थी ने सपा विधायक पर स्कूल के शिलान्यास में



रुकावट का आरोप लगाया। आर्यनगर विधानसभा के विधायक अमिताभ बाजपेई ने कहा वह इस स्कूल के लिए पहले से प्रयासरत हैं। भाजपा के नेता रोड़ा डाल रहे हैं। मामला ग्वालटोली थाना का है।

विधायक ने एसीपी चित्रांशु गौतम पहुंचे। से कहा, आप उन गुंडों की चमचागिरी कीजिए। एसीपी ने पलट कर कहा कि आप ऐसा मत कहिए। उसके बाद पुलिस विधायक को वहां से हटाकर डीसीपी सेंट्रल के कार्यालय ले गई। वहां करीब दो घंटे तक उन्हें रोका गया। विधायक वहां से निकले और भाजपा नेताओं पर स्कूल निर्माण में रुकावट डालने का आरोप लगाया। मामला परमट स्थित प्राथमिक विद्यालय के पुनर्निर्माण और स्मार्ट स्कूल परियोजना से जुड़ा है। बीजेपी नेता सुरेश अवस्थी ने 14 मई को सांसद रमेश अवस्थी की ओर से शिलान्यास कार्यक्रम कराए जाने के बैनर पहले ही लगवा दिए थे। आर्य नगर से सपा विधायक अमिताभ बाजपेई ने 15 मई को शिलान्यास कार्यक्रम के पोस्टर लगवा दिए।



**हंगामा के दौरान भाजपा के पार्षद विकास जायसवाल ने अपनी चप्पल को हाथ में लेकर विधायक को दिखाई। इससे विधायक समर्थक भड़क गए। विधायक ने समर्थकों के साथ स्कूल के बाहर धरना पर बैठ गए। सूचना मिलने प पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस और सपा विधायक के बीच बहस और नोकझोंक भी हुई।**

### डीसीपी कार्यालय में सपा विधायकों का जमावड़ा लगा

पुलिस जब विधायक को अपने साथ ले जाने लगी तो भाजपा समर्थकों ने हूटिंग और नारेबाजी की। डीसीपी कार्यालय में सपा विधायक से मिलने लिए पार्टी की एमएलए नसीम सोलंकी और पति पूर्व विधायक इरफान सोलंकी पहुंचे। विधायक हसन रूमी भी वहां पहुंचे। डीसीपी सेंट्रल अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि एक स्कूल को लेकर विवाद की सूचना मिली थी। मौके पर शांति व्यवस्था बनाए रखी गई। विधायक की ओर से एक तहरीर भी मिली है। इसकी जांच कर कार्रवाई की जाएगी। किसी को हिरासत में नहीं लिया गया है।

## पैसा कमाना ही सब कुछ नहीं, अपनी सेवा से दुआएं कमाना भी जरूरी है: संजू चौधरी

# के.एम. विश्वविद्यालय में 'अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस' का हुआ भव्य आयोजन

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। स्वास्थ्य जगत में नर्सों के निस्वार्थ योगदान और समर्पण को सम्मान देने के लिए के.एम. विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस एवं फ्लोरेंस नाइटिंगल की जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई। इस वर्ष यह आयोजन 'हमारी नर्सें। हमारा भविष्य। सशक्त नर्सें जीवन बचाती हैं।' की विशेष थीम पर आधारित रहा, जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य प्रणाली में नर्सों की भूमिका को और अधिक सुदृढ़ करना है।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी की धर्मपत्नी संजू चौधरी ने केक काटकर और नर्सिंग स्टाफ का उत्साहवर्धन करते हुए किया। उन्होंने अपने संबोधन में नर्सों को अस्पताल की



'मौन शक्ति' बताते हुए कहा दवाइयों से तो सिर्फ बीमारी ठीक होती है, पर नर्सों की मुस्कुराहट और सेवा से इंसान का हौसला जागता है। आपके पास मरीज उम्मीद लेकर आता है, उसे स्नेह से संभालना आपकी जिम्मेदारी है। पैसा कमाना ही सब कुछ नहीं, अपनी सेवा से दुआएं कमाना भी जरूरी है।' इस मौके पर बेहतरीन कार्य करने वाले नर्सिंग इंचार्ज रंजीत चौधरी, गजेंद्र सिंह परिहार, प्रकाश बघेल, करन चौधरी, पवन बंसल, राजधानी, अंजू, घनश्याम और देवेंद्र को चांसलर की धर्मपत्नी ने प्रमाण पत्र एवं पटुका पहनाकर सम्मानित किया। कुलपति डॉ. एन.सी. प्रजापति ने कहा डॉक्टर मरीज को जीवनदान देते हैं, लेकिन नर्स उस जीवन को जीने का सहारा देती हैं। नर्सों की पहचान उनकी निष्काम सेवा है। यदि मरीज को सही समय पर सही देखभाल मिले, तो उसकी आधी बीमारी हौसले से ही ठीक हो जाती है। प्रति कुलपति प्रो. डॉ. शरद अग्रवाल ने नर्सिंग विभाग को अस्पताल की सफलता की रीढ़ बताया। उन्होंने एक मधुर कविता "चलते-चलते मेरे ये गीत याद रखना..." सुनाकर पूरे हॉल को ऊर्जा से भर दिया। उन्होंने कहा बिना थके, बिना रुके,

**दवाइयों से तो सिर्फ बीमारी ठीक होती है, मुस्कुराहट और सेवा से इंसान का हौसला जागता है: संजू चौधरी**

**डॉक्टर मरीज को जीवनदान देते हैं, लेकिन नर्स उस जीवन को जीने का सहारा देती हैं: कुलपति**

**सफेद वर्दी, चेहरे पर मुस्कान और दिल में सेवा का भाव-यही है एक सच्ची नर्स की पहचान**

**"चलते-चलते मेरे ये गीत याद रखना**

**- डा. शरद अग्रवाल**

### कार्यक्रम की अध्यक्षता अस्पताल प्रबंधन द्वारा की गई

कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. यशी पांडेय ने किया। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक फोटो और जलपान का आयोजन हुआ।

इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. पूरन सिंह, डिप्टी रजिस्ट्रार डा. सुनील अग्रवाल सहित विश्वविद्यालय और अस्पताल का समस्त नर्सिंग स्टाफ उपस्थित रहा। इस आयोजन ने संदेश दिया कि नर्सिंग स्टाफ केवल स्वास्थ्य सेवाओं का हिस्सा नहीं, बल्कि मानवता के संवेदनशील प्रेरणा स्तंभ हैं।

जो अपनों की तरह दूसरों का ख्याल रखे, वही नर्स कहलाती है। एडीशनल मेडिकल सुप्रीटेंडेंट डॉ. नमित गौतम ने मरीजों के प्रति संवेदनशीलता और धैर्य बनाए रखने पर जोर देते हुए कहा सफेद वर्दी, चेहरे पर मुस्कान और दिल में सेवा का भाव-यही है एक सच्ची नर्स की पहचान होती है।

# फिरोजाबाद में कांच फैक्ट्री में मजदूर की मौत

## ट्रक के नीचे दबकर गंभीर घायल

तमसा संकेत, एजेंसी

फिरोजाबाद । फिरोजाबाद के मीरा चौराहे स्थित एक कांच फैक्ट्री में बुधवार को एक मजदूर की ट्रक के नीचे दबकर मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल मजदूर ने आगरा ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया।

नगला पान सहाय, थाना उत्तर निवासी 60 वर्षीय सियाराम बुधवार दोपहर फारूकी ग्लास फैक्ट्री में मजदूरी करने पहुंचे थे। बताया गया है कि फैक्ट्री परिसर में शाम को सोडा खाली कर रहे एक ट्रक के पास काम के दौरान वह अचानक उसकी चपेट में आ गए और पहिए के नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद फैक्ट्री कर्मचारियों ने उन्हें तत्काल उपचार के लिए ट्रॉमा सेंटर भिजवाया। हालत गंभीर होने पर



चिकित्सकों ने उन्हें आगरा रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया।

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और मामले की जानकारी जुटाई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। एहतियातन के तौर पर फैक्ट्री के सामने पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया है जिससे परिजनों के द्वारा किसी तरह का कोई भी हंगामा न किया जा सके। वही इंस्पेक्टर थाना दक्षिण का कहना है कि तहरीर प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### अखिलेश के ...

प्रतीक की जब मौत हुई, पत्नी और भाजपा नेता अपर्णा यादव असम में थीं। वो लखनऊ लौट आई हैं। अपर्णा मंगलवार को हिमंता बिस्वा सरमा के शपथ ग्रहण के लिए असम गई थीं।

सीएम योगी, मंत्री सुरेश खन्ना, डिंपल यादव, शिवपाल यादव समेत कई बड़े नेता भी पहुंचे। अखिलेश यादव सुबह पोस्टमॉर्टम हाउस और दोपहर बाद प्रतीक यादव के आवास पहुंचे। श्रद्धांजलि देते वक्त अखिलेश काफी भावुक नजर आए।

सपा विधायक रविदास मेहरोत्रा ने कहा, प्रतीक की मौत संदिग्ध अवस्था में हुई। उनके शरीर पर चोट के निशान थे। हाईकोर्ट के किसी पूर्व जज से जांच करवाई जाए।

योगी सरकार में मंत्री भूपेंद्र चौधरी ने अन्य मंत्रियों के साथ भाजपा नेता अपर्णा यादव के आवास पर उनके पति प्रतीक यादव को अंतिम श्रद्धांजलि दी।

मुरादाबाद से सपा सांसद रुचि वीरा ने प्रतीक यादव के निधन पर कहा, परिवार और हम सभी के लिए अपूरणीय क्षति है। इस युवा अवस्था में उनका चले जाना बहुत पीड़ा दायक है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करती हूं कि उनकी आत्मा को शांति दें और जो यादव परिवार है, उनकी पत्नी अपर्णा यादव व उनकी बच्चियों पर दुख का पहाड़ टूटा है, उन्हें भगवान इस दुख को सहने की क्षमता दे। यह बहुत ही दुखद घटना है।

समाजवादी पार्टी नेता रविदास मेहरोत्रा ने कहा, पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के छोटे भाई प्रतीक यादव की आज आकस्मिक और असमायिक मृत्यु हो गई। इससे हम लोग बहुत आहत हैं। जब प्रतीक यादव को अस्पताल में लाया गया था, उससे पहले ही उनकी मृत्यु हो चुकी थी। अस्पताल में डॉक्टरों ने उन्हें देख कर मृत घोषित कर दिया। उनकी मौत संदिग्ध अवस्था में हुई। उनके शरीर पर चोट के निशान थे और उनके शरीर में जहर की मात्रा थी। इसलिए उनका पोस्टमार्टम करवाया गया। किसी सामान्य मृत्यु पर पोस्टमार्टम नहीं होता है। संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु के कारण उनका पोस्टमार्टम करवाया गया।

### अस्पताल से बिना...

प्रतीक, मुलायम सिंह यादव की दूसरी पत्नी साधना गुप्ता के बेटे थे। साधना गुप्ता की पहली शादी 1986 में चंद्रप्रकाश गुप्ता से हुई थी। 1987 में प्रतीक का जन्म हुआ। 1990 में चंद्र प्रकाश गुप्ता और साधना का तलाक हो गया। इसी दौरान साधना और मुलायम की करीबी हो गईं। 2003 में मुलायम सिंह ने साधना गुप्ता से शादी कर ली और सार्वजनिक तौर पर प्रतीक को बेटे का हक दिया था।

### ब्रिटेन से पढ़ाई की...

हालांकि, 9 दिन बाद दोनों में सुलह हो गई थी। इंस्टाग्राम पर प्रतीक ने अपर्णा के साथ तस्वीर शेयर करते हुए लिखा था-'All is Good यानी सब अच्छा है।

### सीबीएसई 12वीं में ...

ग्रेडिंग सिस्टम में A से D तक पास माना जाता है, जबकि E ग्रेड का मतलब फेल होता है। इसलिए सभी विषयों में E से ऊपर ग्रेड होना जरूरी है, नहीं तो छात्र को कम्पार्टमेंट या दोबारा परीक्षा देनी पड़ती है।

CBSE 12वीं परीक्षा 2026 में संस्थानों के प्रदर्शन की बात करें तो सबसे बेहतर परिणाम केवी (केंद्रीय विद्यालय) का रहा, जहां पास प्रतिशत 98.55% दर्ज किया गया। इसके बाद जेएनवी (जवाहर नवोदय विद्यालय) 98.47% के साथ दूसरे स्थान पर रहा। सरकारी स्कूलों का पास प्रतिशत 89.55% रहा, जबकि सरकारी सहायता प्राप्त संस्थानों में यह 86.07% दर्ज किया गया। वहीं, ईएम-आरएस स्कूलों का पास प्रतिशत 85.55% और स्वतंत्र (प्राइवेट) स्कूलों का 84.22% रहा।

### फ्लीट आधा, वर्क ...

वहीं दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अपनी फ्लीट की गाड़ियाँ आधी कर दी है। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभार) कपिलदेव अग्रवाल ने बाहर जाने के लिए रेल से यात्रा शुरू कर दी है। वहीं विधानसभा की विभिन्न संसदीय समितियों के पूर्व निर्धारित अध्ययन भ्रमण कार्यक्रमों को अग्रिम आदेशों तक स्थगित कर दिया गया है। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के निर्देश के बाद प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप दुबे ने इस संबंध में आदेश जारी किया।

उधर, सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के छोटे बेटे और बीजेपी नेता अपर्णा यादव के पति प्रतीक यादव का बुधवार को निधन हो गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ गई। छह सदस्यीय विशेषज्ञों की टीम ने पोस्टमार्टम के दौरान पाया कि मैसिव पल्मोनरी थ्रोम्बोएम्बोलिज्म यानी फेफड़े की मुख्य नस में बड़ा खून का थक्का जमने से प्रतीक की सांसें थमी। इस वजह से उनका दिल और सांस दोनों एक साथ काम करना बंद कर गए। अखिलेश यादव, शिवपाल समेत परिवार के सभी सदस्य प्रतीक के घर पहुंचे। सीएम योगी भी श्रद्धांजलि देने पहुंचे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश मंत्रिमंडल के सदस्यों से सप्ताह में कम से कम एक दिन सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने का आह्वान करते हुए शासन में मितव्ययिता, ऊर्जा संरक्षण और जनप्रेरक आचरण की नई कार्यसंस्कृति विकसित करने का संदेश दिया है। उन्होंने मंत्रियों से अपनी वाहन फ्लीट को 50 प्रतिशत तक कम करने का भी आह्वान किया है।

### विजय ने 24 घंटे में ...

चुनाव से पहले राधन ने कई सार्वजनिक कार्यक्रमों और ऑनलाइन वीडियो में विजय की कुंडली को 'सुनामी जैसा' बताया था, यानी ऐसी कुंडली जो तमिलनाडु की राजनीति में बड़ी लहर ला सकता है।

उनका यह भी कहना था कि TVK का नाम अंक ज्योतिष और ज्योतिषीय सिद्धांतों के हिसाब से विजय की कुंडली से मेल खाता है। राधन तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री जे. जयललिता के आध्यात्मिक मार्गदर्शक भी रह चुके हैं। उनके पास ज्योतिष विद्या में करीब 40 साल से ज्यादा का एक्सपीरियंस है।

### विपक्ष और ...

DMK प्रवक्ता TKS एलंगोवन ने कहा था- अब से विधानसभा की कोई भूमिका नहीं रह गई है। सिर्फ समय (मुहूर्त) ज्योतिषियों द्वारा बताया जाएगा। एक ज्योतिषी सिर्फ भविष्यवाणी कर सकता है।

### मोदी काफिला छोड़ ...

हफ्ते में एक दिन इन्हें पब्लिक ट्रांसपोर्ट या बस-मेट्रो से चलना होगा।

सभी सरकारी बैठकें, सेमिनार, कॉन्फ्रेंस, वर्कशॉप वर्चुअल होंगी। राज्य सचिवालय की भी 50% बैठकें वर्चुअल होंगी। सीएम ने कहा, जिन कंपनियों में बड़ी संख्या में कर्मचारी हैं, उन्हें हफ्ते में दो दिन वर्क फ्रॉम होम के लिए राज्य स्तर पर एडवाइजरी जारी की जाए।

सीएम योगी ने लोगों से 10 अपील भी की है। उन्होंने कहा कि हफ्ते में एक दिन नो व्हीकल डे मनाया जाए।

पेट्रोल-डीजल और बिजली बचाएं। सजावटी लाइटें कम जलाई जाएं।

दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने मंगलवार को दिल्ली मेट्रो में INA से कड़कड़डूमा कोर्ट तक सफर किया। फिर मेट्रो स्टेशन से सूरजमल विहार में स्थित 'CM श्री स्कूल' तक जाने के लिए ई-रिक्शा लिया।

वहां उन्होंने जोन 1 और 2 के स्कूलों के प्रमुखों के साथ एक सेशन में हिस्सा लिया।

### गर्मी में निर्बाध बिजली ...

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, अधीक्षण अभियंता विद्युत, सभी अधिशासी अभियंता और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### यूपी, बिहार और ...

महाराष्ट्र के सांगली में तेज आंधी के कारण एक मंदिर की दीवार गिरने से 6 लोगों की मौत हो गई। वहीं, केरल के मलप्पुरम में बिजली गिरने से चार लोगों की मौत हो गई।

### कहा- मम्मी की रोटी से ज्यादा गोल, यूजर्स बोले- खेलने पर ध्यान दो, राजस्थान को जिताओ

# वैभव सूर्यवंशी ने मास्टरशेफ बनकर किचन में बनाई रोटियां

**पटना, एजेंसी**

वैभव सूर्यवंशी, ये अब सिर्फ एक नाम नहीं, बल्कि भारतीय क्रिकेट का उभरता हुआ ब्रांड बन चुके हैं। IPL 2026 में अपनी तूफानी बल्लेबाजी से न सिर्फ गेंदबाजों की नींद उड़ा रहे, बल्कि मास्टरशेफ बनकर किचन में रोटियां भी उछाल रहे।

दरअसल, राजस्थान रॉयल्स की ओर उनका एक मजेदार वीडियो शेयर किया गया है, जिसमें वैभव मास्टरशेफ बनकर रोटियां बनाते नजर आ रहे हैं। इतना ही नहीं, रोटी बेलने के बाद उसे बड़े गर्व से दिखा भी रहे हैं।

वह अपनी बनाई हुई रोटी की तुलना अपनी मां की रोटियों से करते हुए कहते हैं, ₹ये देखो, ये तो मम्मी की रोटी से भी ज्यादा गोल बनी है..। उनके इस आत्मविश्वास भरे अंदाज को देखकर नेटिजन्स उन्हें 'ऑलराउंडर' बता रहे हैं।

वैभव सूर्यवंशी ने IPL 2026 में शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने अब तक 11 मैचों की 11 पारियों में 440 रन बनाए हैं।


काला चश्मा पहनकर रोटी सेकने की कोशिश करते हुए वैभव सूर्यवंशी।

**वहीं कुछ यूजर्स ये वीडियो देखकर भड़क गए। एक ने लिखा, "प्रैक्टिस पर ध्यान दो", तो दूसरे ने लिखा,"भाई मैच तो जीतो।" वहीं एक यूजर तो बुरी तरह भड़का नजर आया और उसने फ्रेंचाइजी को ही घेर लिया।**

## यूजर्स बोले- खेलने पर ध्यान दो

राजस्थान रॉयल्स की टीम पिछले सात में से पांच मुकाबले हार चुकी है। कई मौकों पर टीम को वैभव पर काफी ज्यादा निर्भर भी देखा गया है। इसी बात को लेकर सोशल मीडिया पर यूजर्स भड़क गए।

एक यूजर ने लिखा, "खेलने पर ध्यान दो।" वहीं दूसरे ने कहा, "भाई, मैच तो जीतो।" एक अन्य यूजर ने फ्रेंचाइजी को घेरते हुए लिखा, "15 साल के लड़के की कमाई पर पलने वाली तुम्हारी फ्रेंचाइजी, शर्म करो थोड़ी बहुत। कितना बेचोगे इस बच्चे को? पूरी टीम इस एक बच्चे पर निर्भर है, शर्म नहीं आती उससे ऐसी वीडियोज बनवाते हुए?"

## रोटी को हवा में उछाला

वीडियो की शुरुआत में वैभव बोलते हैं- "मास्टरशेफ वैभव सूर्यवंशी।" इसके बाद वे बताते हैं कि किचन में वो किस तरह कंट्रिब्यूशन देंगे। वैभव कहते हैं, "रोटी बना सकता हूं, उससे ज्यादा कुछ नहीं बना सकता।" फिर वे एक रोटी बेलकर कैमरे के सामने दिखाते हैं और कहते हैं- "ये पांडा का दो कान निकाला है मैंने।" इस दौरान वे काला चश्मा पहनकर रोटी सेकने की कोशिश भी करते हैं।

उन्होंने एक पेशेवर शेफ की तरह रोटी को हवा में उछालकर पलटने की कोशिश की, लेकिन किस्मत को शायद कुछ और ही मंजूर था, जैसे ही उन्होंने रोटी उछाली, वह सीधे नीचे गिर गई। रोटी गिरते ही वैभव के चेहरे के हाव-भाव देखने लायक था। रोटी बनाते समय वे खुद की तारीफ करते हुए कहते हैं, "बाकियों से बहुत अच्छा चल रहा है।"

### वैभव ने थामा कैमरा, हेलमेट उतारकर कहा- अपने हीरो को देख लो

IPL 2026 के शुरुआती मैच के दौरान वैभव बल्ला छोड़ कैमरे पर हाथ आजमाते नजर आए थे। हाथ में कैमरा लिए वैभव कहते हैं, "कुछ तो काम करो, टाइम पास करने से अच्छा है।"

इसके बाद अलग-अलग एंगल से ग्राउंड का शॉट बनाने लगते हैं। कुछ देर कैमरे पर हाथ आजमाने के बाद वैभव कैमरे को लॉक करने की कोशिश करते हैं, लेकिन उनसे लॉक नहीं होता। तब वैभव कहते हैं, ₹बहुत मुश्किल है ये। इसके बाद वे अपना हेलमेट उतार देते हैं।

# आईसीसी एनुअल वनडे रैंकिंग में भारत टॉप पर कायम

## न्यूजीलैंड दूसरे और ऑस्ट्रेलिया तीसरे स्थान पर

**दुबई, एजेंसी**




ICC एनुअल वनडे रैंकिंग में भारतीय टीम पहले स्थान पर बनी हुई है। टीम इंडिया के 118 रेटिंग पॉइंट्स हैं। ICC ने सोमवार को नई रैंकिंग जारी की। न्यूजीलैंड 113 पॉइंट्स के साथ दूसरे और ऑस्ट्रेलिया 109 पॉइंट्स के साथ तीसरे स्थान पर है।

साउथ अफ्रीका ने पाकिस्तान को पीछे छोड़कर टॉप-4 में जगह बना ली है। प्रोटियाज टीम के 102 पॉइंट्स हैं, जबकि पाकिस्तान 98 पॉइंट्स के साथ पांचवें नंबर पर पहुंच गया है।ICC के मुताबिक मई 2025 से खेले गए मैचों को 100% और उससे पहले के दो साल के मुकाबलों को 50% वेटेज दिया गया है। भारत ने मार्च 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। टीम ने फाइनल में न्यूजीलैंड को हराया था। ICC ने रैंकिंग अपडेट के साथ भारतीय ड्रेसिंग रूम के जश्न की तस्वीर भी साझा की। वहीं, साउथ अफ्रीका के डेविड मिलर की चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में इंग्लैंड के खिलाफ पारी का भी जिक्र किया गया।

टॉप-10 में बाकी टीमों की स्थिति नहीं बदली है। श्रीलंका 96 पॉइंट्स के साथ छठे, अफगानिस्तान 93 पॉइंट्स के साथ सातवें और इंग्लैंड 89 पॉइंट्स के साथ आठवें नंबर पर है।बांग्लादेश 84 पॉइंट्स के साथ नौवें स्थान पर है। वेस्टइंडीज के 74 पॉइंट्स हैं। दोनों टीमों के बीच अब 10 पॉइंट्स का अंतर हो गया है, जो पिछली अपडेट में छह पॉइंट्स का था। यह बदलाव 2027 क्रिकेट वर्ल्ड कप क्वालिफिकेशन के लिहाज से भी अहम माना जा रहा है।

# धर्मशाला पहुंची मुंबई इंडियंस की टीम

**प्रशंसकों से बिना मिले निकले रोहित शर्मा, तिलक वर्मा ने दिए ऑटोग्राफ, कल पंजाब किंग्स होगा मुकाबला**

**धर्मशाला, एजेंसी**

मुंबई इंडियंस (MI) की टीम मंगलवार को धर्मशाला पहुंच गई। दुनिया के सबसे खूबसूरत क्रिकेट मैदान एचपीसीए स्टेडियम में आईपीएल 2026 के 58वें मुकाबले के लिए टीम चंडीगढ़ से एलायंस एयर के विशेष विमान से कांगड़ा पहुंची। इस सीजन में प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर होने के बावजूद, पहाड़ों की वादियों में हिटमैन रोहित शर्मा के प्रति प्रशंसकों का उत्साह स्पष्ट रूप से देखा गया।

एयरपोर्ट के बाहर सैकड़ों क्रिकेट प्रेमी अपने पसंदीदा सितारों की एक झलक पाने के लिए घंटों इंतजार करते रहे। जैसे ही रोहित शर्मा बाहर आए, पूरा परिसर मुंबई-मुंबई के नारों से गूंज उठा। सुरक्षा कारणों से रोहित सीधे अपनी लग्जरी बस में सवार होकर होटल रेडिसन ब्लू के लिए रवाना हो गए।



रोहित शर्मा भले ही प्रशंसकों से सीधे बातचीत नहीं कर पाए, लेकिन टीम के युवा खिलाड़ियों ने उनका दिल जीता। तिलक वर्मा ने प्रशंसकों के बीच जाकर ऑटोग्राफ दिए और उनके साथ सेल्फी खिंचवाई। नमनधीर ने स्थानीय युवाओं के साथ क्रिकेट पर चर्चा की। चोट के बाद वापसी कर रहे दीपक चाहर ने भी फैंस का अभिवादन स्वीकार किया। टीम के साथ सूर्यकुमार यादव, ईशान किशन, टिम डेविड और कप्तान हार्दिक पांड्या भी धर्मशाला पहुंचे हैं।

## अक्षर की कप्तानी में लौटी दिल्ली, राहुल ने बटोरी सुर्खियां

मुंबई के आने से ठीक पहले दिल्ली कैपिटल्स की टीम धर्मशाला से रवाना हुई। ऋषभ पंत की अनुपस्थिति में टीम की कमान संभाल रहे अक्षर पटेल के साथ पूरी टीम दिल्ली लौट गई। विशेष बात यह रही कि केएल राहुल ने एयरपोर्ट पर काफी समय बिताया और नन्हे प्रशंसकों को ऑटोग्राफ देकर उनका दिन बना दिया।

### 82 रन से जीता मुकाबला, टेबल के टॉप पर आई टीम, प्लेऑफ से एक जीत दूर

# आईपीएल में गुजरात ने हैदराबाद को 86 पर ऑलआउट किया

**अहमदाबाद, एजेंसी**

गुजरात टाइटंस ने IPL 2026 में लगातार पांचवीं जीत हासिल कर ली। उसने सनराइजर्स हैदराबाद को 82 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ गुजरात 16 पॉइंट्स के साथ टेबल के टॉप पर पहुंच गई हैं। टीम अब प्लेऑफ से एक जीत दूर है।

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टॉस जीतकर हैदराबाद ने बॉलिंग चुनी। गुजरात ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 168 रन बनाए। साई सुदर्शन ने सबसे ज्यादा 61 रन बनाए। वाशिंगटन सुंदर ने 33 गेंदों पर 50 रन की पारी खेली। हैदराबाद से प्रफुल हिंगे और साकिब हुसैन ने 2-2 विकेट लिए। उनके अलावा पैट कमिंस को एक विकेट मिला। जवाब में हैदराबाद 14.5 ओवर में 86 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम के लिए कप्तान पैट कमिंस ने सबसे ज्यादा 19 रन बनाए। गुजरात के लिए कागिसो रबाडा और जेसन होल्डर ने 3-3 विकेट लिए। प्रसिद्ध कृष्णा को 2 सफलता मिली।



**गुजरात ने हैदराबाद को हराकर पॉइंट्स टेबल पर पहला पायदान हासिल कर लिया। टीम के अब 12 मैच में 8 जीत के साथ 16 पॉइंट्स हो गए हैं। हैदराबाद 14 पॉइंट्स के साथ तीसरे स्थान पर हैं।**

## होल्डर ने झटके 3 विकेट

जेसन होल्डर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद को आठवां झटका दिया। शिवांग कुमार स्कूप शॉट खेलने की कोशिश में फंस गए। फुल टॉस गेंद उनके ग्लव्स से लगकर हवा में उछली और विकेटकीपर जोस बटलर ने आगे की ओर डाइव लगाकर शानदार कैच पकड़ लिया। शिवांग 6 गेंदों में 4 रन बनाकर आउट हुए। होल्डर ने अपने 4 ओवर में सिर्फ 20 रन देकर 3 विकेट लिए और हैदराबाद की बल्लेबाजी पूरी तरह दबाव में आ गई। 13 ओवर के बाद SRH का स्कोर 72/8 रहा।



## गुजरात ने हैदराबाद को 86 रन पर समेटा

गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को 82 रन से हराकर पॉइंट्स टेबल में टॉप पर जगह बना ली। 169 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए हैदराबाद की शुरुआत बेहद खराब रही। मोहम्मद सिराज और कगिसो रबाडा ने पावरप्ले में ही टॉप ऑर्डर के विकेट ले लिए। रबाडा और जेसन होल्डर ने 3-3 विकेट लिए, जबकि प्रसिद्ध कृष्णा ने 2 विकेट झटके। हेनरिक क्लासन ने थोड़ी देर संघर्ष जरूर किया, लेकिन होल्डर ने उनका विकेट लेकर मैच पूरी तरह गुजरात के पक्ष में कर दिया। आखिर में राशिद खान ने प्रफुल हिंगे को स्टंप आउट कर SRH की पारी 14.5 ओवर में 86 रन पर समेट दी। यह IPL में हैदराबाद का सबसे कम स्कोर भी रहा। गुजरात ने लगातार पांचवीं जीत के साथ नेट रनरेट में भी बड़ा फायदा हासिल किया।

## मनोरंजन

### कांस-2026 शुरू, आलिया ओपनिंग सेरेमनी में पहुंचीं, उर्वशी का लुक भी सामने आया

# कांस-2026 शुरू




**नई दिल्ली, एजेंसी**

दुनियाभर का सबसे प्रतिष्ठित फिल्म फेस्टिवल और कल्चरल इवेंट कांस 12 मई से शुरू हो चुका है। फेस्टिवल 23 मई तक फ्रांस के फ्रेंच रिवेरा में जारी रहेगा। लोरियल पेरिस की तरफ से कांस पहुंचीं आलिया भट्ट के अब तक दो लुक सामने आ चुके हैं। फेस्टिवल के आगाज के साथ जानिए, इस साल भारत के कौन से सेलेब्स रेड कार्पेट पर पहुंचेंगे, कौन सी फिल्में दिखाई जाएंगी, भारत की कांस में क्या अचीवमेंट्स हैं और क्या है कांस का भव्य इतिहास। साथ ही देखेंगे इंडियन सेलेब्स के कांस से पाम डिओर, कांस का सबसे बड़ा और प्रतिष्ठित अवॉर्ड है। यह पुरस्कार फेस्टिवल की मुख्य प्रतियोगिता में चुनी गई सर्वश्रेष्ठ फिल्म को दिया जाता है। इसे कांस का सर्वोच्च सम्मान माना जाता है। इस साल 12-23 मई तक चलने वाले इस फेस्टिवल में 23 मई को पाम डि'ओर अवॉर्ड दिया जाएगा। कांस फिल्म फेस्टिवल में जाने वाली पहली भारतीय फिल्म नीचा नगर थी। चेतन आनंद के निर्देशन में बनी ये फिल्म संयोग से कभी भारत में रिलीज ही नहीं हुई। इसका प्रसारण सिर्फ दूरदर्शन में ही किया गया था। अमीर-गरीब की जिंदगी दर्शाने वाली इस फिल्म को कांस फिल्म फेस्टिवल का सर्वश्रेष्ठ पाम डि'ओर अवॉर्ड मिला था। नीचा नगर ये अवॉर्ड जीतने वाली भारत की इकलौती फिल्म है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील का दौरे पर पड़ा असर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में जनता से कम-से-कम ट्रेवल करने और कम तेल-ईंधन इस्तेमाल करने की अपील की है। यही वजह रही कि महाराष्ट्र का सांस्कृतिक विभाग अब कांस फिल्म फेस्टिवल में हिस्सा नहीं ले रहा है। महाराष्ट्र के सांस्कृतिक कार्य मंत्री आशीष शेलार ने बताया कि पीएम मोदी की अपील के बाद विभाग का प्रतिनिधिमंडल अब कांस नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि विभाग में वाहनों का इस्तेमाल कम किया जाएगा और जरूरी बैठकों को वर्चुअल माध्यम से आयोजित किया जाएगा।

## पायल कपाड़िया ज्यूरी बनीं, आशुतोष गोवारिकर ऑफिशियल डेलिगेट्स



लगान बना चुके आशुतोष गोवारिकल इस साल भारत के ऑफिशियल डेलिगेट बनकर कांस का हिस्सा बनेंगे। 2021 और 2024 में कांस के दो अवॉर्ड ग्रैंड प्री और गोल्डन आई अवॉर्ड जीत चुकीं पायल कपाड़िया इस साल ज्यूरी बनकर कांस में शामिल हो रही हैं। वो क्रिटिक्स वीक कैटेगरी की ज्यूरी रहेंगी।

**आलिया भट्ट और उर्वशी रौतेला के अलावा इस साल भारत से ऐश्वर्या राय, मौनी रॉय, अदिति राव हैदरी और एहसास चन्ना कांस के रेड कार्पेट में पहुंचेंगी। एक्ट्रेस तारा सुतारिया भी कांस रेड कार्पेट पर डेब्यू करने वाली हैं। आलिया भट्ट, लॉरियल पेरिस की तरफ से कांस में आई हैं। तभी से कयास लग रहे हैं कि उन्होंने ऐश्वर्या राय को रिप्लेस किया है।**




## कांस 2026 में छाएगा भारत का रीजनल सिनेमा

कांस में इंडो-अमेरिकन फिल्म बॉम्बे स्टोरीज की स्क्रीनिंग भी कांस में होगी। ये फिल्म मंटों के उपन्यास पर बनी है, जो 1930 के दशक की बॉम्बे में रहनेवालीं सेक्स वर्कर्स की कहानी दिखाती है। फिल्म को राहत शाह काजमी ने डायरेक्ट किया है। इस फिल्म की स्क्रीनिंग के दौरान एक्ट्रेस मौनी रॉय कांस में मौजूद रहेंगी।

## कांस की ज्यूरी बनने वाली पहली इंडियन एक्ट्रेस रहीं ऐश्वर्या राय

हर साल दुनियाभर के चुनिंदा लोगों को ज्यूरी में शामिल किया जाता है। मृणाल सेन पहले भारतीय थे, जिन्हें 1982 में ज्यूरी में शामिल किया गया था। इसके अलावा ज्यूरी बनने वाली पहली भारतीय महिला डायरेक्टर मीरा नायर थीं। ऐश्वर्या राय पहली इंडियन एक्ट्रेस हैं, जिन्हें कांस में ज्यूरी बनाया गया। हालांकि अब दीपिका पादुकोण, विद्या बालन और शर्मिला टैगोर भी इस लिस्ट में शामिल हैं।

# अब एक नई ऐड फिल्म से हुई अनुष्का शर्मा की वापसी



नई दिल्ली। अभिनेत्री अनुष्का शर्मा लगभग एक दशक से बॉलीवुड से दूर हैं। उन्हें आखिरी बार शाह रुख खान के साथ फिल्म 'जीरो' (Zero) में देखा गया था जोकि साल 2018 में रिलीज हुई थी। इसके बाद उनकी चकदा एक्सप्रेस रिलीज होनी थी लेकिन उस पर फिलहाल अभी तक कोई अपडेट नहीं आया है।

हालांकि लंबे समय से फिल्मों से दूर होने के बावजूद अनुष्का शर्मा अपने साथ एक तगड़ी फैन फॉलोविंग लेकर चलती हैं। हाल ही में उन्हें एक ऐड में देखा गया। सालों बाद स्क्रीन पर एक्ट्रेस को देखकर फैंस के बीच खुशी की लहर है। वहीं कुछ लोगों ने कहा कि अब उन्हें पहचानना मुश्किल है। अनुष्का, हीर बाय गीवा के एक विज्ञापन में नजर आईं। जिसे कंपनी ने मंगलवार को जारी किया। इस वीडियो को यूट्यूब पर ज्यादा तवज्जो नहीं मिली, लेकिन यह जल्द ही रेडिट और इंस्टाग्राम पर वायरल हो गया। एक जहां प्रशंसकों ने अनुष्का की स्क्रीन पर 'वापसी' की खूब तारीफ की। वहीं कुछ लोगों को उनकी शक्ल बदली बदली नजर आई।

एक यूजर ने कमेंट किया, वाह, इतने लंबे समय बाद स्क्रीन पर देखकर कितना अच्छा लगा।

# 56वें दिन बॉक्स ऑफिस पर डटकर खड़ी धुरंधर 2

## 'दंगल' को पछाड़ने से चंद कदम दूर



नई दिल्ली। यह कहना गलत नहीं होगा कि धुरंधर भारतीय सिनेमा के इतिहास में एक मील का पत्थर है। फिल्म निर्माण और बॉक्स ऑफिस पर ऐतिहासिक सफलता, दोनों ही मामलों में इस फ्रेंचाइज ने नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं।

सिनेमाघरों में इसकी कमाई की बात करें तो, यह विश्व स्तर पर 3000 करोड़ का आंकड़ा पार करने वाली पहली भारतीय फिल्म फ्रेंचाइज बनी। फिल्म ने 56वें दिन शानदार कमाई जारी रखते हुए कई नई रिलीज फिल्मों को तगड़ा कॉम्पटीशन दिया है।

वहीं दुनियाभर में रणवीर सिंह अभिनीत फिल्म 'धुरंधरः द रिवेंज' का कहर जारी है। सिनेमाघरों में रिलीज होने के लगभग दो महीने बाद ही फिल्म वर्ल्डवाइड 1,800 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने के बिल्कुल करीब है। Sacnilk के अनुसार, फिल्म ने 55वें दिन 40 लाख रुपये की कमाई की। वहीं 56वें दिन ये आंकड़ा 7 लाख के पास पहुंच गया है। इस तरह फिल्म का कुल घरेलू बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 1,368.98 करोड़ रुपये हो गया है। फिल्म का ओवरसीज कलेक्शन 426.62 करोड़ रुपये हो गया है, जबकि वर्ल्डवाइड इसने 1,795 करोड़ रुपये कमा लिए हैं।

## मस्क-कुक समेत 17 सीईओ साथ ले गए, 9 लाख करोड़ की बोइंग विमान डील संभव

# ट्रम्प 8 साल बाद चीन दौरे पर रवाना

**दौरा**

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी**

ईरान जंग के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प मंगलवार रात चीन दौरे पर रवाना हुए। ट्रम्प 13 से 15 मई तक बीजिंग में रहेंगे। यह 2017 के बाद उनका पहला चीन दौरा होगा।

रिपोर्ट्स के मुताबिक चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और ट्रम्प के बीच गुरुवार और शुक्रवार को अलग-अलग दौर की बातचीत होगी। दोनों नेताओं के बीच व्यापार, ताइवान, रेयर अर्थ मिनरल्स, AI और ईरान युद्ध जैसे मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है।

ट्रम्प के साथ इलॉन मस्क, एप्पल CEO टिम कुक और बोइंग CEO समेत 17 बड़े अमेरिकी कारोबारी भी



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प मंगलवार रात (भारतीय समयानुसार) बीजिंग के लिए रवाना हुए।

गए हैं। हालांकि चिप कंपनी एनवीडिया के CEO जेनसन हुआंग इस दौरे में शामिल नहीं होंगे।

रिपोर्ट्स के मुताबिक इस दौरे में 9 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की बोइंग विमान डील हो सकती है। चीन 500 बोइंग 737 MAX, 100 बोइंग 787 ड्रीमलाइन और कई 777X वाइडबॉडी विमान खरीद सकता है। अगर करार हुआ तो यह इतिहास का सबसे बड़ा विमान सौदा होगा।

### चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग ट्रम्प को स्टेट डिनर देंगे

व्हाइट हाउस के मुताबिक चीन दौरे के दौरान राष्ट्रपति शी जिनपिंग, डोनाल्ड ट्रम्प के सम्मान में भव्य स्टेट डिनर आयोजित करेंगे। चीन में इस तरह के स्टेट डिनर को बड़े कूटनीतिक सम्मान के तौर पर देखा जाता है।

ऐसे कार्यक्रम आमतौर पर बीजिंग के ग्रेट हॉल ऑफ द पीपल में आयोजित किए जाते हैं, जहां चीन का शीर्ष नेतृत्व विदेशी मेहमानों का स्वागत करता है। इसमें दोनों देशों के वरिष्ठ अधिकारी, कारोबारी प्रतिनिधि और खास मेहमान शामिल होते हैं। डिप्लोमैटिक एक्सपर्ट्स के मुताबिक, चीन किसी विदेशी नेता को जितना बड़ा औपचारिक स्वागत देता है, उसे रिश्तों की अहमियत का संकेत माना जाता है। स्टेट डिनर के जरिए चीन यह संदेश देने की कोशिश करता है कि वह अमेरिका के साथ रिश्तों को रणनीतिक स्तर पर महत्व दे रहा है।



तस्वीर 2017 में ट्रम्प के पहले कार्यकाल के दौरान चीन दौरे की है। ट्रम्प ने बीजिंग में फॉरबिडन सिटी का दौरा किया था।

चीन अमेरिकी किसानों के लिए बड़ा बाजार है। ट्रेड वॉर के बाद चीन ने अमेरिकी सोयाबीन खरीद घटाई थी। अब ट्रम्प प्रशासन कृषि निर्यात बढ़ाने की कोशिश कर सकता है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक हाल के वर्षों में ईरान के कुल तेल निर्यात का बड़ा हिस्सा चीन जाता रहा है। कई बार यह कारोबार सीधे ईरान के नाम से नहीं, बल्कि दूसरे देशों के जरिए या ब्लेंडेड ऑयल के रूप में किया जाता है, ताकि अमेरिकी प्रतिबंधों से बचा जा सके।

### ईरानी तेल खरीदने पर चीन का अमेरिका से विवाद

ईरान से तेल खरीद को लेकर अमेरिका और चीन के बीच तनाव बना हुआ है। ट्रम्प प्रशासन का आरोप है कि चीन बड़े पैमाने पर ईरानी तेल खरीदकर तेहरान को आर्थिक सहारा दे रहा है, जबकि चीन इसे अपनी ऊर्जा जरूरतों से जुड़ा मामला बता रहा है। अमेरिका और पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों के बावजूद चीन लंबे समय से ईरान से बड़े पैमाने पर तेल खरीदता रहा है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक चीन अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए सस्ता तेल खरीदने की रणनीति अपनाता है। ईरान पर प्रतिबंध लगने के बाद उसे अपना तेल डिस्काउंट पर बेचना पड़ता है। चीन की कई निजी रिफाइ-नरियां इसी रियायती तेल को खरीदती हैं।

## ऑपरेशन सिंदूर के घाव साफ कर रहा पाकिस्तान

### आतंकवादी ठिकानों की कर रहा मरम्मत

**नई दिल्ली, एजेंसी**



ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पिछले साल जिन पाकिस्तानी आतंकवादी ठिकानों को भारी नुकसान हुआ था, अब उन्हें वापस साफ-सफाई करके मरम्मत का काम किया जा रहा है। इन साइटों पर निर्माण सामग्री और आपूर्ति दिखाई दे रही हैं, जो पुनर्निर्माण गतिविधियों का संकेत देती है। रिपोर्ट के अनुसार, ऑपरेशन सिंदूर के बाद आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) ने अपने प्रमुख संचालन ठिकानों को पाकिस्तान के कब्जेवाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) से खैबर पख्तूनख्वा (केपीके) में स्थानांतरित कर दिया है, क्योंकि भारतीय हमलों के बाद पीओजेके अब अत्यधिक असुरक्षित हो गया है।

**आतंकी ठिकानों का स्थानांतरण**

अमेरिकी की पश्चिम एशिया मीडिया अनुसंधान संस्थान (एमई-एमआरआइ) ने कहा, 'यह स्थानांतरण 'पाकिस्तान की राज्य संरचनाओं की सीधी सुविधा के साथ' किया जा रहा है, जबकि पुलिस सुरक्षा के तहत जेईएम की स्पष्ट सभाएं आयोजित की गईं, जिसमें कट्टरपंथी इस्लामिक समूह जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम (जेडीयूआइ) की भागीदारी भी शामिल थी।'

ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओजेके में प्रतिबंधित समूहों जेईएम, लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और हिज्बुल मुजाहिदीन से जुड़े नौ आतंकवादी स्थलों पर हमले किए।

**फास्ट न्यूज**

### ट्रंप के रक्षा बजट पर बवाल

वाशिंगटन। अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने ईरान के खिलाफ जारी सैन्य अभियान का जोरदार बचाव किया। उन्होंने कहा कि तमाम तनाव और होर्मुज जलडमरू-मध्य में जारी संकट के बावजूद अमेरिका अब भी सभी पत्ते अपने हाथ में रखता है।

सीनेट विनियोग उपसमिति के समक्ष रक्षा मामलों की सुनवाई के दौरान हेगसेथ ने डेमोक्रेट सांसदों के साथ तीखी बहस की। इस बैठक में जॉइंट चीफ्स चेयरमैन डैन केन भी मौजूद थे।

### 'मोदी जैसा नेता दुनिया में नहीं' पीएम के मुरीद हुए नॉर्वे के पूर्व मंत्री

ओस्लो (नॉर्वे)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी नॉर्वे दौरे से पहले नॉर्वे के पूर्व पर्यावरण मंत्री और संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के पूर्व प्रमुख एरिक सोलहेम ने उनकी जमकर प्रशंसा की है। सोलहेम ने पीएम मोदी को दुनिया का सबसे लोकप्रिय लोकतांत्रिक नेता बताते हुए कहा कि पश्चिमी देशों के नेताओं को उनकी 'ग्रीन ग्रोथ' नीति से बहुत कुछ सीखने की जरूरत है। नॉर्वे के प्रतिष्ठित अखबार डेगेंस नेरिंगसलिव में प्रकाशित अपने लेख में एरिक सोलहेम ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का पर्यावरण और विकास को साथ लेकर चलने वाला मॉडल पूरी दुनिया के लिए प्रेरणादायक है।

### मीडिया पर भड़के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

वाशिंगटन डीसी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार (स्थानीय समय) को मीडिया पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कुछ खबरों में ऐसा दिखाया जा रहा है कि ईरान युद्ध में अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। ट्रंप ने फिर दावा किया कि ईरानी सेना पूरी तरह तबाह हो चुकी है। ईरान के नेता खत्म हो चुके हैं और देश आर्थिक संकट में है। ट्रंप ने यह बयान ट्रुथ सोशल के जरिये दिया।

# सोना 9,000 और चांदी 18,000 महंगी

### इंपोर्ट ड्यूटी 6% से बढ़ाकर 15% करने का असर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्र सरकार ने सोना और चांदी के आयात पर लगने वाली ड्यूटी 6% से बढ़ाकर 15% कर दी है। बुधवार को जारी इस आदेश के बाद आज यानी 13 मई को सर्राफा बाजार में सोना 9 हजार और चांदी 22 हजार रुपए महंगी हो गई है।

10 ग्राम सोने का भाव 1.60 लाख रुपए और 1 किलो चांदी का भाव 2.87 लाख रुपए पर पहुंच गया है। सरकार का मकसद विदेशी खरीद कम करना और देश के विदेशी मुद्रा भंडार पर पड़ रहे दबाव को घटाना है। अमेरिकी-ईरान जंग के बीच सरकार ने ये फैसला लिया है। सरकार ने सोने पर 10% बेसिक कस्टम ड्यूटी और 5% एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपमेंट सेस (AIDC) लगाया है। इस तरह



कुल प्रभावी टैक्स 15% हो गया है। इससे पहले 2024 के बजट में वित्त मंत्री सीतारमण ने इंपोर्ट ड्यूटी 15% से घटाकर 6% की थी।

भारत में लोग सोना बहुत खरीदते हैं। हमारा देश दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है। सोने की मांग को पूरा करने करने के लिए हमे इसे विदेश से मंगाना पड़ता है। इसके लिए डॉलर खर्च होते हैं। जब देश से ज्यादा पैसा बाहर जाने लगता है, तो देश की अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ता है। इसी 'आयात' को कम करने के लिए सरकार ने टैक्स के नियम कड़े किए हैं।

**वहीं, इंडस्ट्री से जुड़े लोगों का कहना है कि टैक्स बढ़ने से तस्करी बढ़ सकती है। इससे पहले जब ड्यूटी कम की गई थी, तब स्मगलिंग में कमी आई थी। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के नेशनल सेक्रेटरी सुरेंद्र मेहता ने कहा कि सरकार ने करंट अकाउंट डेफिसिट (चालू खाता घाटा) को काबू में रखने के लिए यह कदम उठाया है। पहले से ही ऊंची कीमतों के बीच यह फैसला मांग को प्रभावित कर सकता है।**

## अमेरिका, फ्रांस और स्पेन के रहने वाले, टोटल केस 9 हुए, अब तक 3 की मौत

# हंतावायरस से 3 और यात्री संक्रमित हुए

**वाशिंगटन डीसी, एजेंसी**

हंतावायरस के संपर्क में आए 3 और लोगों में संक्रमण मिला है। इनमें एक अमेरिकी और एक फ्रांसीसी यात्री शामिल हैं, जो पहले अपने-अपने देश लौट चुके थे। वहीं, मैड्रिड में क्वारैंटाइन एक स्पेनिश नागरिक की शुरुआती रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई है।

अब तक 3 यात्रियों की मौत हो चुकी है। 11 अप्रैल को एक बुजुर्ग डच यात्री की जहाज पर मौत हुई थी। उनकी पत्नी बाद में दक्षिण अफ्रीका में मृत मिलीं। 2 मई को एक जर्मन महिला की जहाज पर मौत हो गई।

ये सभी यात्री 'MV होंडियस' नाम की उस क्रूज शिप से लौटे हैं,



जहां वायरस के मामले सामने आए थे। यह जहाज स्पेन के कैनरी आइलैंड्स में रुका था। WHO के मुताबिक जहाज से जुड़े हंतावायरस के 9 केस कन्फर्म हो चुके हैं।

WHO ने जहाज से लौटने वाले सभी लोगों के लिए 42 दिन आइसोलेशन की सिफारिश की है। हालांकि अमेरिकी CDC ने कहा कि वायरस का इंसान से इंसान में फैलना दुर्लभ है और इसे कोविड जैसी महामारी नहीं माना जाना चाहिए। इससे पहले सोमवार को हंतावायरस के संपर्क में आए 17 अमेरिकी यात्रियों को अमेरिका के नेब्रास्का मेडिकल सेंटर लाया गया।




नेब्रास्का मेडिकल सेंटर अमेरिका का एक खास अस्पताल है, जहां खतरनाक और संक्रामक बीमारियों के मरीजों के इलाज और क्वारंटीन की विशेष सुविधा मौजूद है।

### हंतावायरस के लक्षण दिखने में 8 हफ्ते तक लग सकते हैं

हंतावायरस से इंसानों की किडनी फेल होने का खतरा होता है। कई मामलों में मरीज को तेज बुखार, शरीर दर्द, सांस लेने में दिक्कत और कमजोरी होने लगती है। हालत बिगड़ने पर फेफड़ों में पानी भर सकता है और जान का खतरा भी हो सकता है। इंसानों में हंतावायरस के लक्षण दिखने में 1 से 8 हफ्ते लग जाते हैं, लेकिन इसके बाद मरीज की हालत तेजी से बिगड़ने लगती है। WHO के मुताबिक, हंतावायरस की चपेट में आने वालों में से 35-40% की मौत 6 हफ्तों के अंदर हो जाती है।

## नेपाल की सुप्रीम कोर्ट ने छात्र राजनीति बैन करने के आदेश पर लगाई रोक

# बालेन शाह सरकार को झटका

**नई दिल्ली, एजेंसी**

नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह को जबरदस्त कानूनी झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने शाह की सरकार के सिविल सर्विस ट्रेड यूनियनों और यूनिवर्सिटी में छात्र संगठनों को भंग करने के फैसलों पर रोक लगा दी है। इसे उन्होंने अध्यादेशों के जरिए लागू किया था। सुप्रीम कोर्ट के ये दो आदेश ऐसे समय में आए जब कर्मचारी और छात्र संगठन सड़कों पर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। शाह ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में इन उपायों का बचाव करते हुए कहा, ₹स्कूलों और सरकारी दफ्तरों में पार्टी के झंडों पर प्रतिबंध लगाने से छात्रों और कर्मचारियों के अधिकार नहीं छिनेंगे, बल्कि इससे उनकी पेशेवर स्वतंत्रताएं और मजबूत होंगी।



### बालेन शाह का क्या था मकसद?

**“ उन्होंने कहा कि इस कदम का मकसद शिक्षा और नौकरशाही में पक्षपातपूर्ण प्रभाव को खत्म करना है, जहां छात्र और कर्मचारी संगठन राजनीतिक पार्टियों के स्लीपर सेल बन गए थे। उन्होंने आगे कहा कि तबादले और प्रमोशन प्रक्रिया, काबिलियत और काम के आधार पर होने चाहिए न कि पार्टी से जुड़ाव के आधार पर।**

### बालेन के तर्क को छात्र नेताओं ने किया खारिज

कर्मचारी और छात्र नेताओं ने इस तर्क को खारिज कर दिया। नेपाल सिविल सर्विस एम्प्लॉइज एसोसिएशन के चेयरमैन उत्तम कटवाल ने कहा कि रजिस्टर्ड ट्रेड यूनियनों को पार्टी-आधारित संगठन बताना गलत है।

उन्होंने कहा, हम पार्टी-आधारित ट्रेड यूनियन नहीं हैं। हम सिविल सेवक हैं जो स्थायी सरकार के तौर पर काम करते हैं और हमने राज्य के नाम पर शपथ ली है।₹ छात्र नेताओं ने भी कहा कि सरकार को छात्र संगठनों को खत्म करने के बजाय कैंपस की राजनीति को रेगुलेट करना चाहिए।

## एचपीसीएल का मुनाफा

# 77% बढ़कर 6,065 करोड़

### चौथी तिमाही में रेवेन्यू 4.4% बढ़ा, 19.25 डिविडेंड देगी कंपनी

**मुंबई, एजेंसी**

हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (HPCL) ने वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में 6,065 करोड़ का कॉन्सोलिडेटेड नेट प्रॉफिट दर्ज किया है। रिफाइनिंग मार्जिन में सुधार की वजह से कंपनी के मुनाफे में पिछले साल की तुलना में 77% की बढ़ोतरी हुई है।

कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने 10 की फेस वैल्यू वाले शेयरों पर 19.25 प्रति शेयर के फाइनल डिविडेंड की सिफारिश की है। यह डिविडेंड साल के दौरान दिए गए 5 के अंतरिम डिविडेंड से अलग होगा। इस पर अभी मेंबर्स की मंजूरी मिलना बाकी है। चौथी तिमाही में उत्पादों की बिक्री से होने वाला रेवेन्यू 4.4% बढ़कर 1.23 लाख करोड़ रहा।



कंपनी की कुल इनकम भी 4.4% की बढ़त के साथ 1.24 लाख करोड़ पर पहुंच गई। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 की बात करें, तो कॉन्सोलिडेटेड नेट प्रॉफिट 168% उछलकर 18,046.89 करोड़ रहा। पेट्रोलियम मंत्रालय ने HPCL को घरेलू LPG की बिक्री पर हुए नुकसान (अंडर-रिकवरी) की भरपाई के लिए 7,920 करोड़ का मुआवजा देने की बात कही है। यह राशि नवंबर 2025 से 12 समान मासिक किश्तों में दी जाएगी। वित्त वर्ष 2026 के लिए कंपनी ने इसकी पांच किश्तों के रूप में 3,300 करोड़ को मान्यता दी है।

### रिफाइनिंग मार्जिन में बड़ा उछाल

HPCL के मुनाफे में बड़ी बढ़त का मुख्य कारण बेहतर रिफाइनिंग मार्जिन रहा। वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में कंपनी का ग्रॉस रिफाइनिंग मार्जिन (GRM) बढ़कर 14.27 डॉलर प्रति बैरल हो गया, जो पिछले साल इसी तिमाही में 8.44 डॉलर प्रति बैरल था। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 के लिए औसत GRM 8.79 डॉलर प्रति बैरल रहा, जबकि पिछले साल यह 5.74 डॉलर था।

**निर्णय :** अत्याधुनिक हथियारों से होगा लैस ■ तकनीकी रूप से ज्यादा चुनौतीपूर्ण होने की संभावना

# परमाणु ऊर्जा से चलेगा ट्रंप के सम्मान में बन रहा जंगी जहाज

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अमेरिकी नौसेना ने फैसला किया है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सम्मान में बनाया जा रहा नया युद्धपोत परमाणु ऊर्जा से चलेगा। यह एक बड़ा बदलाव है, जिससे इस प्रोजेक्ट के काफी महंगा होने और तकनीकी रूप से ज्यादा चुनौतीपूर्ण होने की संभावना है।

यह योजना नौसेना के नवीनतम 30-वर्षीय जहाज निर्माण रोडमैप में शामिल थी, जिसे कांग्रेस को सौंपा गया था। डिस्ट्रॉयर और फ्रिगेट के विपरीत ट्रंप युद्धपोत प्रणोदन (propulsion) के लिए एक परमाणु रिएक्टर का उपयोग करेगा। नौसेना के अनुसार, इससे यह जहाज




और अधिक दूरी तय कर सकेगा, तेजी से आगे बढ़ सकेगा और अधिक उन्नत हथियार प्रणालियों को सहायता प्रदान कर सकेगा। आने वाले युद्धपोत पर प्रायोगिक हथियार भी होने की उम्मीद है, जिनमें लेजर और इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेलगन शामिल हैं। ये हथियार बारूद के बजाय बिजली का इस्तेमाल करके प्रोजेक्टाइल दागते हैं। ट्रंप पहले कह चुके हैं कि इन जहाजों पर परमाणु क्रूज मिसाइलें भी तैनात होंगी। नौसेना ने अपनी जहाज निर्माण योजना में कहा, परमाणु शक्ति से चलने वाले इस युद्धपोत को बेड़े की युद्धक क्षमता में वृद्धि करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह लंबी अवधि तक टिकने, अधिक गति से चलने और आधुनिक युद्ध के लिए आवश्यक उन्नत हथियार प्रणालियों को समायोजित करने में सक्षम है। पिछले महीने कांग्रेस को भेजे गए बजट दस्तावेजों के अनुसार, नौसेना पहले तीन जहाजों पर 43.5 अरब डॉलर खर्च करेगी। हडसन इंस्टीट्यूट के नौसेना विशेषज्ञ ब्रायन क्लार्क ने कहा कि परमाणु ऊर्जा से परिचालन संबंधी फायदे मिलते हैं, भले ही इससे लागत बढ़ जाए।

**क्लार्क ने आगे कहा कि परमाणु ऊर्जा से चलने वाले जहाज रेलगन और लेजर जैसे ज्यादा बिजली की खपत करने वाले हथियारों का इस्तेमाल करते हुए भी अपनी तेज रफ्तार बनाए रख सकते हैं। वहीं, आम जहाजों को इन सिस्टम के लिए काफी बिजली बनाने के लिए अपनी रफ्तार धीमी करनी पड़ सकती है।**

### कितना होगा जहाज का वजन

अधिकारियों ने बताया है कि इस जहाज का वजन 30,000 से 40,000 टन के बीच हो सकता है, जो इसे आज के डिस्ट्रॉयर जहाजों से कई गुना बड़ा बनाता है। नौसेना ने 1990 के दशक के बाद से कोई भी परमाणु-संचालित सतह-युद्धपोत नहीं चलाया है। उन जहाजों का रखरखाव काफी महंगा पड़ता था और उनके रिएक्टरों में बार-बार ईंधन भरने की जरूरत पड़ती थी।


## ट्रंप की 'गोल्डन डोम' मिसाइल शील्ड पर आएगा 1.2 ट्रिलियन डॉलर का खर्च

**विश्लेषण**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप की महत्वाकांक्षी योजना जिसे अमेरिका के लिए गोल्डन डोम मिसाइल रक्षा कार्यक्रम के रूप में पेश किया गया है की अनुमानित लागत 20 वर्षों में 1.2 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर होगी। यह जानकारी कांग्रेसनल बजट आफिस के एक नए विश्लेषण से सामने आई है। यह पिछले साल के शुरुआती अनुमान 175 अरब अमेरिकी डॉलर के से कहीं अधिक है। गोल्डन डोम संबंधी का आदेश ट्रंप ने अपने कार्यकाल के पहले सप्ताह में एक कार्यकारी आदेश के माध्यम से दिया था।

CBO ने एक रिपोर्ट में कहा, 1.2 ट्रिलियन डॉलर की कुल राशि में से अधिग्रहण की लागत 1 ट्रिलियन डॉलर से थोड़ी ज्यादा होगी। इस राशि में सिस्टम के




मुख्य घटकों की लागत शामिल है। यानी, इंटरसेप्टर लेयर्स और अंतरिक्ष-आधारित मिसाइल चेतावनी और ट्रैकिंग सिस्टम।

इसमें कहा गया है, सबसे महंगा हिस्सा अंतरिक्ष-आधारित इंटरसेप्टर लेयर है, जो अधिग्रहण लागत का लगभग 70 प्रतिशत और कुल लागत का 60 प्रतिशत है।

इस मिसाइल प्रणाली की अवधारणा आंशिक रूप से इजरायल की बहुस्तरीय रक्षा प्रणाली से प्रेरित है, जिसे अक्सर सामूहिक रूप से आयरन डोम कहा जाता है, जिसने ईरान के खिलाफ युद्ध में ईरान और सहयोगी आतंकी समूहों के रॉकेट और मिसाइल हमलों से इसकी रक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

तमसा संकेत
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड-224122) से प्रकाशित

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकिशत लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96